॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

त्रैवर्णिकानां

नवरत्नविवाहपद्धतिः ।

श्रीराजधानीकर्पूरस्थलनिवासिगौतमगोत्रशौरि-
अन्वयालंकृतश्रीदैवज्ञदुनिचन्द्रात्मजश्रीयुत-
पण्डितविष्णुदत्तवैदिककृत-नवरत्न-
प्रकाशिकाटीकासहिता ।

इयं च

श्रीकृष्णदासात्मज-गंगाविष्णोः
अध्यक्ष "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालये
मैनेजर पं० शिवदुलारे वाजपेयी इत्यनेन स्वाम्यर्थं
मुद्रिता प्रकाशिता च ।

षष्ठं संस्करणम् ।

संवत् १९७६, शके १८४१.

कल्याण-मुंबई.

॥ श्रीः ॥

विशेष सूचना.

विदित हो कि इस लक्ष्मीवेंकटेश्वर यंत्रालयमें हमारी बनाई भई रामगीता भाषाटीकात्रयोपेता तथा उपनयनपद्धति भाषाटीकासहित उपस्थित है। इन सर्व नवरत्नाविवाहपद्धति आदि पुस्तकोंका पुनर्मुद्रणादि सर्व अधिकार श्रीकृष्णदासात्मज गंगाविष्णुको दे दिया है यहांसे कोई मतलब लेके दूसरा कोई न छापे.

दैवज्ञ दुनिचन्द्रात्मज (शौरि)
पं० विष्णुदत्तशर्मा वैदिक,
कपूरथला.

विज्ञापना।

विदित हो कि हमारे आर्यावर्त भारतखण्डमें अतिचिरसे वर्धित अधर्मरूप यवनराज्यके प्रताप (संताप) से नित्य आनन्दरूप शीतलस्वभावसंपन्न सगुणनिर्गुणात्मक पूर्वोत्तर तटयुक्त और वेद ४ पुराण १४ न्याय २ मीमांसा २ धर्मशास्त्र १८ शिक्षा १ कल्प २ व्याकरण ८ निरुक्त १ छंद ३ ज्योतिष ६ काव्य २ नाटक १० चंपू १ आख्यायिका इतिहास कोश ५२ अलंकार नीति मंत्र २ तंत्रचिकित्सा ८ गणित २ वेदांत सांख्ययोग कर्मकाण्डादिकरूप विकसित जो अनेक कमल उनपर लोभायमान भृंगरूप विद्वद्वृंद और आनन्दमग्न कविरूप हंस चक्रवाक पारावत क्रौंचादियोंसे शोभायममान वेदाविद्यारूप नदीके किञ्चित् शुष्कप्राय होनेपर तदनंतरही सर्वान्तर्यामी कृपालु परमेश्वरकी कृपादृष्टि और अखण्डप्रताप श्रीमती महाराजराजेश्वरी श्रीविक्टोरियाजीके राज्यप्रतापरूप अरुणोदय होनेपर और धर्मरूप चारों तरफ वृष्टिके होनेसे वही सनातन वेदविद्यारूप नदी सगाध होकर वहने लगी उसकी अशुद्धिरूप मलनिवृत्ति करनेके लिये हमारे भ्रातृगण क्षत्री वैश्य शूद्रादि तनमनधनसे अतिउद्यत होनेपर बौद्ध चार्वाक जैन अनार्यादि नूतनमलके निवृत्त होनेसे वही हंसादिरूप विद्वान् निर्मल जलपान करते हैं तथापि विना कषाय पदार्थ हरीतक्यादि भक्षण विना जैसे जलका मधुरगुण (मिठास) मालूम नहीं होता तद्वत् विना अर्थ विनियोगके वेदविद्याका फलरूप गुण मालूम नहीं होता इसमें श्रुति प्रमाणभी है यथा

"स्थाणुरयं भारहारः किलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम् । योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा ॥" इसलिये सर्वोपकारके लिये विवाहपद्धतिको मैंने वेदभाष्य सायण उवट महीधरादि देख और श्रीनिवाहुरामकृत संस्कृत टीका तथा ब्राह्मणसर्वस्व हरिहरभाष्य आदि ग्रन्थोंका सार ले तथा अनेक विवाहपद्धति गृह्यसूत्रसे मिलाय पाठ शुद्ध करा है और जो मंत्र पद्धतियोंमें अपचारसे अशुद्ध थे वह यजुर्वेदादि संहितासे मिलाय शुद्ध कर साथ वेदका प्रमाण अध्याय मंत्रांकभी लिखे हैं और मंत्रोंको ऋषि छन्द देवतादिसे सुशोभित कर कर्तव्यता मंत्रार्थ भावार्थ गूढार्थ-युक्त नव प्रकरण संयुक्त भाषामें टीका बनाई (रची) है इसलिये सज्जन पुरुष इस पुस्तकको स्वीकार कर मेरे परिश्रमको सफल करें और इस पुस्तकमें जो वरकन्याके प्रति उपदेश आचार दोष गुण कहे हैं वह उपदेश करें ऐसे करनेमें लोक परलोकमें यशकी धर्मकी प्राप्ति होगी । इस परिश्रमसे सर्वांतर्यामी परमेश्वर श्रीरामचंद्रजी प्रसन्न हों ।

राजधानीकपूरस्थलनिवासी

गौतमगोत्र (शोरि) अन्वयालंकृत

दैवज्ञ दुनिचन्द्रात्मज

पण्डित-विष्णुदत्तशर्मा वैदिक.

विवाहपद्धतिस्थितविषयनिरूपण.

प्रथम प्रकरण ज्योतिषशास्त्रमें.

जिसमें स्त्रीप्रशंसा, दैवज्ञपूजन, विवाहप्रश्न, प्रश्नसे शुभाशुभ विचार, वैधव्ययोगका व्रत शांति आदिसे परिहार, सावित्री-व्रतविधान, पिप्पलविवाह, कुंभविवाह, अच्युतविवाहविधान, प्रश्नसे कन्यास्त्रीपुत्रविचार, मंगलशब्द, अशुभशब्द, बालकव-रणनक्षत्र, कन्यावरणविधि, कन्यापरिणयनकाल, चैत्रादि-मासनियमव्यवस्था, ज्येष्ठमें विवाह निषेध, पुत्रविवाहके अनंतर कन्याविवाहनिषेध और विधान, मुण्डनविचार; विवाहके मुहूर्त, पुरुषस्त्रीराशिचक्र, वर्णचक्र, योनिचक्र, गणचक्र, लत्ता-पात, युतिवेध, चरणवेध, जामित्र, बुधपंचक, सर्व देशमें एकार्गल चक्र यह सब दोषपरिहारसहित, उपग्रह, क्रांतिसा-म्य, दग्धातिथि, दशयोग पंगंधकाणलग्नविचार, ग्रहनैसर्गि-कमैत्रीचक्र, दुष्टभकूट, लग्नशुद्धि, गोधूलीलग्न, वधूप्रवेश, द्विरा-गमनमुहूर्त, शुक्रविचार परिहारसहित यह सब भाषाटीकासहित प्रथम प्रकरणमें लिखे हैं ।

द्वितीय प्रकरण कर्मकाण्डविषयमें.

यथार्थग्रहचित्र, मण्डपचित्र, तिलकमण्डलचित्र, सर्वतो-भद्रचित्र, पञ्चाग्निकुण्ड, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, प्रणीतापात्र, पुरोडाशपात्र, स्रुव, उपभृत्स्रुक्, स्रुवास्रुक्, पुष्करस्रुक्, अग्निहोत्र-हवणी, वैकंकतस्रुक्, उलूखल, मुसल, शूर्प, शम्या, स्फ्यः

घृतावदान, उपवेश, कच, दृषत्, उपल, षड्वर्त, अग्नि, अरणी, चोत्तरारणी, मोविली, प्रमन्थ, नेत्र, अन्तर्धानाटक, हविर्धानपात्री, प्राशित्रहरण, चमसा, इडापात्री, यजमानासन, पत्न्यासन, होत्रासन, ब्रह्मासन, यजमानपात्री, पत्नीपात्री, कृष्णाजिन इन सबके प्रमाणसहित चित्र, कात्यायनोक्तपात्रोंके लक्षण, विनियोगवर्णन, ऋषिच्छंददेवतालक्षण, छंदसंख्या, गायत्रीछंदभेद यह सर्व श्रेष्ठतासे द्वितीय प्रकरणमें लिखे हैं ।

तृतीय प्रकरण कात्यायनोक्तशांतिमें.

जिसमें प्रमाणसहित स्वरसंयुक्त अतिशुद्ध कर वेदोंके मंत्र, स्वस्तिवाचन, गणपत्यादिपूजन, रक्षाविधान, आचार्यादिवरण, वेदस्वरूप, आशीर्वादमंत्र, कलश, वास्तुपूजन, योगिनी, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इंद्रादि दश दिक्पाल, नवग्रहपूजन, बलिदान, संकल्प, शांति, सामग्री है ।

चतुर्थ प्रकरण संकल्पादिभेदमें.

विवाहसामग्री, चतुर्थीकर्मसामग्री, कन्योद्वाहमें यजमानकर्तृकप्रतिज्ञासंकल्प, यजमानकर्तृक शुभ्रचौलशाटिकासंकल्प, कन्यापितृकर्तृक वेदीदानसंकल्प, यजमानकर्तृक चतुर्थीदानसंकल्प, यजमानकर्तृक उपाध्यायदक्षिणासंकल्प, यजमानकर्तृक कन्यायज्ञ, अंतमें भूरिअन्नद्रव्यदानसंकल्प, यजमानकर्तृक विवाहप्रतिज्ञासंकल्प, वरकर्तृक पत्नीप्रतिग्रहगोदानसंकल्प, अभावे सुवर्णमयीगोदानसंकल्प, उपाध्यायदक्षिणासंकल्प, यजमानकर्तृक खट्वादानसंकल्प, जलवेष्टन, गोत्रोच्चारण, अति

विस्तृत कन्यासंकल्प, संक्षेपसे कन्यासंकल्प, परिभाषा, सूर्यादिनवग्रहमंत्र, इनको पूजनीयता, षोडशोपचार पूजा, ज्योतिषबोधक नवग्रहमंगलाष्टक, पारस्करोक्त कुशकंडिकामें विवाहसूत्र ।

पंचम प्रकरणमें.

विवाहपद्धति प्रारम्भ, मंगलाचरण, ग्रंथकर्तुः प्रशंसा, वाग्दानविधि, बाह्मकवरण, वेदोच्चारण, गणेशस्तुति, ऋषिसृष्टि, शिवसंकल्प, शांतिपाठ यह सब अत्युत्तम भाषाटीकासहित साथ प्रमाण स्वरयुक्त मंत्र हैं ।

षष्ठ प्रकरण विवाहविधिमें.

(तत्र कन्याहस्तेन) यहांसे आदि ले (प्राङ्मुखौ वधूवरौ स्थितौ भवतः) इस पर्यंत अर्थात् संपूर्ण पद्धति अनेक पद्धतियोंसे मिलाय संस्कृत शुद्ध कर ऋग्वेदादि चतुर्वेदोंसे मंत्र निकाल और जिस वेदका जो मंत्र उसका प्रमाण तथा स्वरसहित अतिशुद्ध कर विनियोगोंके सहित लिखे हैं । इसकी टीका महीधरभाष्य, सायनभाष्य, उवटभाष्य, ब्राह्मणसर्वस्व, गृह्यसूत्र, हरिहरभाष्य तथा निबाहुरामकृतटीका जिसको पाश्चालदेशीय महाविद्यानिकरके मुख्य संस्कृताध्यापक श्रीपण्डित गुरुप्रसादजीने शुद्ध किया इत्यादि अनेक वेदार्थबोधक ग्रंथोंसे मंत्रोंके अर्थ साथ मन्वादि प्रमाण देकर सबकी समझमें आनेवाली मनोभाविनी अतिसुंदर भाषाटीकामें करे हैं इसी प्रकार प्रमाणोंके विवाहपद्धतिके पद २ का अर्थ स्पष्ट भाषाटीकामें लिखा है ।

सप्तम प्रकरणमें.

चतुर्थीकर्म अतिविस्तृत भाषाटीकासहित है ।

अष्टम प्रकरण स्त्रीआचारमें.

धर्मशास्त्रादि अनेक शास्त्रोक्त विवाहानंतर जो स्त्रीमात्रको पतिसेवा आदि प्रतिदिन कर्त्तव्य है वह अतिविस्तारसे निरूपण करा है ।

नवम प्रकरण रजस्वलाकृत्यमें.

अर्थात जिस समय स्त्रियोंको ऋतु आते हैं उस दिनसे तीन दिनपर्यन्त स्त्रीरक्षा भोजन शयनासनादि व्यवस्था जिससे गर्भाशय शुद्ध रहनेसे अतिशौर्य बलबुद्धिसंपन्न और दुराचारसे दुष्ट कुकर्मी संतान होती है । यह सब धर्मशास्त्र कर्मकांड ज्योतिष चिकित्सासे शुद्ध कर अतिसुन्दर निरूपण करा है । तथा आखिर प्रकीर्णाध्याय लिखा है ।

प्रार्थना—यद्यपि अनेक विवाहपद्धति मूल और संस्कृतटीकासंवलितसे कार्य सिद्ध था तथापि वेदमंत्रोंमें अशुद्धिका सन्देह और संस्कृतटीकाको सर्वोपकारक न होनेसे तथा बिना विवाह प्रकरण अन्य स्थानोंमें मंत्रार्थ कर्तव्यताकी इच्छा लग्नशुद्धि कात्यायनीशांति संकल्प आदिकी आवश्यकता विचार कर संस्कारकी शुद्धि और लोकोपकारार्थ कि जिसको पढकर सामान्य विद्यासंपन्नभी पुरुष अतिसुगम रीतिसे समझकर आनंदपूर्वक निर्वाह करे इसलिये मैंने अत्युत्तम भाषाटीकासहित विवाहपद्धतिका पुस्तक नव प्रकरणमें अति परि-

श्रमसे बनाया है । इसको महाशय जन स्वीकार कर प्रचरित करें और जो मेरी अशुद्धि हो वह क्षमा करें ।

पुष्पाञ्जलिः—यदशुद्धमसम्बद्धमज्ञानाद्यत्कृतं मया ।
विद्वद्भिः क्षम्यतां सर्वं बालत्वादयमञ्जलिः ॥

कर्पूरस्थलनिवासि—दैवज्ञ—दुनिचन्द्रात्मज (शोरि)
पण्डित विष्णुदत्तशर्मा—वैदिक.

विशेषद्रष्टव्यम् ।

यथाह सुश्रुते भगवान् धन्वन्तरिः । अथास्मै पंचविंशतिवर्षाय द्वादशवर्षां पत्नीमावहेत् । पित्र्यधर्मार्थकामप्रजाः प्राप्स्यतीति ।

किञ्च—तद्वर्षाद्द्वादशात्काले वर्तमानमसृक् पुनः । जरापक्वशरीराणां याति पंचाशता क्षयम् ॥ ऊनषोडशवर्षायामप्राप्तः पञ्चविंशतिः । यद्याधत्ते पुमान्गर्भं कुक्षिस्थः स विपद्यते ॥ जातो वा न चिरं जीवेज्जीवेद्वा दुर्बलेन्द्रियः । तस्मादत्यन्तबालायां गर्भाधानं न कारयेत् ॥ अयमेवाशयमालम्ब्य भावमिश्रोऽपि भावप्रकाशे वयोधिकां निंदन् बालां स्तौति ॥

यथा—पूति मांसं स्त्रियो वृद्धा बालार्कस्तरुणं दधि । प्रभाते मैथुनं निद्रा सद्यः प्राणहराणि षट् ॥ वृद्धोऽपि तरुणीं गत्वा तरुणत्वमवाप्नुयात् । वयोधिकां स्त्रियं गत्वा तरुणः स्थविरायते ॥ अत्याशितोऽधृतिः क्षुद्रान्सव्यथांगः पिपासितः । बालो वृद्धोऽन्यवेगार्तस्त्यजेद्रोगी च मैथुनम् ॥ लिंगिनीं गुरुपत्नीं च सगोत्रामथ पर्वसु । वृद्धां च संध्ययोश्चापि गच्छतो जीवनक्षयः ॥ विंशतेश्चैव मैथुनमित्याद्यनेकवचनप्रामाण्यात्तद्ग्रन्थालोकनाच्च स्त्रिया वरो द्विगुणोऽभावे सार्धो वा स्त्री त्ववयवीयसी एव विधेया इति मे प्रतिभात्यतश्चैहलौकिकपारलौकिकहितेप्सुभिः पुरुषैरस्य प्रचारः कर्त्तव्य इति शम्॥

भा० टी०—सुश्रुतमें भगवान् धन्वंतरी स्वयं लिखते हैं कि पचीस (२५) वर्षके बालकको द्वादश (१२) वर्षकी स्त्रीसे विवाह करनेसे धर्मअर्थकामसंयुक्त पिताको हित दीर्घायुवाली संतान प्राप्त होती है और स्त्रीको ऋतु द्वादशवर्षसे ले पचास वर्षपर्यन्त रहते हैं और षोडश (१६) वर्षसे न्यून

(कम) स्त्रीको यदि पचीस वर्षसे कम (न्यून) पुरुष प्राप्त हो उससे जो गर्भ हो वह स्रव जाता है अर्थात् गिर जाता है वा उत्पन्न होकर चिरकाल जीवित नहीं रहता यदि रहता है तो दुर्बलशरीर (न ताकत) असमर्थ इन्द्रियवाला चिरजीवता है इस कारणसे अतिबालकोंका गर्भाधान न करावे । अर्थात् पचीस वर्षका पुरुष और सोलह वर्षकी स्त्री वा चौदह वर्षकी स्त्री और वीस वर्षका पुरुष हो इससे न्यून नहीं । और इसी आशयको लेकर भावमिश्रजी भावप्रकाश ग्रंथमें वृद्धा (बडी) स्त्रीका निषेध और बालास्त्रीका स्वीकार कहते हैं । जैसे सडा मांस, वृद्ध स्त्री, लाल दधि वा दिनमें बनाया हुआ दधि, प्रातःकाल स्त्रीसे संभोग और प्रातःकाल निद्रा यह शीघ्र बलको नष्ट करते हैं । वृद्धपुरुष यौवनवती स्त्रीको प्राप्त होय युवा होता है और अपनेसे बडी स्त्रीको यदि युवा पुरुष प्राप्त होय तो शीघ्रही वृद्ध (बूढा) हो जाता है । बहुत अन्न भोजन कर धैर्यरहित क्षुधायुक्त पीडायुक्त तृषायुक्त और बालक अर्थात् वीस (२०) वर्षसे न्यून (कम) और वृद्ध (अशीति ८० वर्षसे ऊपर पुरुष), रोगातुर और जो एकसे संभोग कर चुका हो यह ७ पुरुष मैथुन न करे । यदि यह करे तो प्रत्यक्ष फलको प्राप्त होते हैं । इसी प्रकार संन्यासयुक्त स्त्रीसे वा गुरुकी स्त्रीसे और अपने गोत्रकी स्त्रीसे वा कन्यासे और पर्वकाल, अष्टमी, अमावस, एकादशी आदिमें और वृद्धा स्त्रीसे तथा संध्याकालमें संभोग करनेसे जीवनका

क्षय होता है इसलिये:विंशति अर्थात् वीस (२०) वर्षके ऊपर पुरुषको मैथुन करना चाहिये इत्यादि अनेक वचन निदर्शनसे सिद्ध यह भया कि स्त्रीसे बालक द्विगुण अर्थात् दुगुण (दूना) होना चाहिये । जैसे स्त्री बारह (१२) वर्षकी और पुरुष पचीस (२५) वर्षका । यदि ऐसा योग्य गुणयुक्त वर न मिले तो द्वादश (१२) वर्षकी लडकीको वर विंशति (२०) वर्षका अवश्य होना चाहिये । और कन्या वरसे सदैव न्यून होनी चाहिये। ऐसा करनेसे इस लोकमें यश परलोकमें अनंत सुख प्राप्त होता है, इसलिये संसारमीरु धर्मनिष्ठ पुरुषोंको इसका प्रचार तनमनधनसे अवश्य करना चाहिये ।

प्रार्थनेयं देवज्ञदुनिचन्द्रात्मज (शौरि)
कर्पूरस्थलीयविष्णुदत्तशर्मणः ।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ

भाषाटीकासहिता

नवरत्नविवाहपद्धतिः ।

अथ मुहूर्तचिंतामणौ विवाह (उपयमन) प्रकरणम् ।

भार्य्यात्रिवर्गकरणं शुभशीलयुक्ता ।
शीलं शुभं भवति लग्नवशेन तस्याः ॥
तस्माद्विवाहसमयः परिचिंत्यते हि ।
तन्निघ्नतामुपगताः सुतशीलधर्माः ॥ १ ॥

शिव शिवकर गौरी राम सीतासमन्वितम् ।
नत्वा लग्नविशुद्ध्यर्थं टीकां कुर्वे मनोहराम् ।

भा० टी०—भार्या अर्थात् जिससे विवाह होय वह स्त्री शुभशीलसे युक्त धर्म अर्थ कामका साधन होती है। वह शुभशीलता लग्नद्वारा होनेसे विवाहका समय प्रथमचिंतन करते हैं। भावार्थ यह है कि यदि लग्न दशदोषादिरहित शुद्ध होय तो उसमें पाणिग्रह करनेसे स्त्री दुष्टभी श्रेष्ठ (अच्छी) और वंध्यायोगवाली पुत्रवती और पापिष्ट धर्मयुक्त लग्नके प्रभावसे हो जाती है ॥ १ ॥

आदौ संपूज्य रत्नादिभिरथ गणकं वेदयेत्
स्वस्थचित्तं कन्योद्वाहं दिगीशानलहयवि-

शिखे प्रश्नलग्नाद्यदीन्दुः । दृष्टो जीवेन सद्यः परिणयनकरो गोतुलाककर्कटाख्यं वा स्यात्प्रश्नस्य लग्नं शुभखचरयुतालोकितं तद्विदध्यात् ॥ २ ॥

भा० टी०–प्रथम रत्न सुवर्ण रजतादिसे गणितविद्यानिपुण ज्योतिषी स्वस्थचित्त बैठेको भेटकर कन्याका विवाह निवेदन (कथन) करे यहां रत्नादिसे यह प्रयोजन है जितनेसे संतुष्ट हो जाय उतना द्रव्य देना वा यथाशक्ति अनुसार देना और साथ यह कहना कि मैं कन्याका विवाह करना चाहता हूं। यदि उस काल विवाहप्रश्नसे दशम १० एकादश ११ तृतीय ३ सप्तम ७ पंचम ५ स्थानमें चन्द्रमा होय और पूर्णदृष्टि नवम ९ पंचम ५ से बृहस्पति चंद्रमाको देखे वा वृष तुला कर्क यह प्रश्नके लग्न होय और शुभग्रह युक्त होवे वा देखे तो शीघ्रही विवाह होता है ॥ २ ॥

विषमभांशगतौ शशिभार्गवौ तनुगृहं बलिनौ यदि पश्यतः । रचयतो वरलाभमिमौ यदा युगलभांशगतौ युवतिप्रदौ ॥ ३ ॥

भा० टी०–यदि शुक्र चंद्र विषम (मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धन, कुंभ) राशिके नवांशमें बलयुक्त प्राप्त होकर प्रश्नलग्नको देखे तो यह वरकी प्राप्ति कन्याको करते हैं। यदि शशी शुक्र

समराशिके नवांशमें हों और बलयुक्त प्रश्नलग्नको देखे तो कन्याकी प्राप्ति बालकको करते हैं ॥ ३ ॥

षष्ठाऽष्टस्थः प्रश्नलग्नाद्यदीन्दुर्लग्ने क्रूरः सप्तमे वा कुजः स्यात् । मूर्ताविन्दुः सप्तमे तस्य भौमो रंडा सा स्यादष्टसंवत्सरेण ॥ ४ ॥

भा० टी०-प्रश्नलग्नसे षष्ठ ६ अष्टम ८ इन स्थानोंमें चंद्रमा होय और लग्नमें क्रूर ग्रह होवे यह एक योग है १। वा प्रश्नलग्नसे षष्ठ ६ अष्टम ८ इन स्थानमें चंद्रमा होय और प्रश्नलग्नसेभी सप्तम ७ स्थानमें मंगल होवे यह द्वितीय योग है २। अथवा लग्नमें चंद्रमा और सप्तम ७ स्थानमें मंगल होवे यह तृतीय योग है ३ । फल इनका ऐसे होनेसे आठ वर्षके अंतर वह कन्या रंडा होती है ॥ ४ ॥

प्रश्नतनोर्यदि पापनभोगाः पंचमगो रिपुदृष्टशरीरः । नीचगतश्च तदा खलु कन्या सा कुलटा त्वथवा मृतवत्सा ॥ ५ ॥

भा० टी०-प्रश्नलग्नमें पापी ग्रह अर्थात् क्षीणचंद्रमा सूर्य मंगल शनैश्चर और इनके साथ युक्त बुध यह पापी ग्रह लग्न पंचमस्थानमें होय और लग्नमें स्थित हो शत्रुग्रह उसको देखे वा नीचगत होय तो निश्चयसे वह कन्या व्यभिचारिणी वेश्या कुलटा होती है । अथवा मृतवत्सा अर्थात् न रहनेवाले संतानवाली होती है । प्रमाण बृहज्जातकका, पापी नीच उच्च ग्रहोंमें यथा " क्षीणेन्द्वर्कमहीसुतार्कतनयाः पापा बुधस्तैर्युतः ।

अजवृषमृगांगना कुलीरा झषवणिजौ च दिवाकरादितुंगाः । दश १० शिखि ३ मनुयुग २८ तिथी १५ न्द्रियांशै ५ स्त्रिनवक २७ विंशति २० भिश्च तेऽस्तनीचाः ॥" अर्थात् मेषके १० अंश सूर्य उच्च और तुलाके १० अंश नीच इस प्रकार वृषके ३ अंश चंद्रमा उच्च और वृश्चिकके ३ अंश नीच और मंगल मकरके २८ अंश उच्च और कर्कके २८ अंश नीच कन्याके १५ अंश बुध उच्च और मीनके १५ अंश नीच होता है और बृहस्पति कर्कके ५ अंश उच्च और मकरके ५ अंश नीच । शुक्र मीनके २७ अंश उच्च और कन्याके २० अंश नीच । शनैश्चर तुलाके २० अंश उच्च और मेषके २० अंश नीच होता है ॥ ५ ॥

यदि भवति सितातिरिक्तपक्षे तनुगृहतः सम-
राशिगः शशांकः । अशुभखचरवीक्षितोऽ-
रिरंध्रे भवति विवाहविनाशकारकोऽयम् ॥ ६ ॥

भा० टी०—यदि लग्नग्रहसे कृष्णपक्षमें समराशिगत चंद्रमा होय और षष्ठ ६ अष्टम ८ इन स्थानोंमें स्थित हो पापी ग्रह देखे तो विवाहका नाश करनेवाला होता है ॥ ६ ॥

जन्मोत्थं च विलोक्य बालविधवायोगं विधाय व्रतम्।
सावित्र्या उत पैप्पलं हि सुतया दद्यादिमां वा रहः॥
सल्लग्नेऽच्युतमूर्तिपिप्पलघटैः कृत्वा विवाहं स्फुटं ।
दद्यात्तां चिरजीविनेऽत्र न भवेद्दोषः पुनर्भूभुवः ७॥

भा० टी०-प्रश्नलग्नसे जैसे विधवायोग विचारा इसी प्रकार जातकशास्त्रसे जन्मलग्नसे उत्पन्न विधवायोगविचार करे। जैसे लिखाभी है-" बाल्ये विधवा भौमे पतिसंत्यक्ता दिवाकरेऽस्तस्थे । सौरे पापैर्दृष्टे कन्यैव जरां समुपयाति ॥ " अन्यच्च " उत्सृष्टा रविणा कुजेन विधवा बाल्येऽस्तराशिस्थिते " अर्थात् यदि मंगल स्त्रीके जन्मलग्नसे सप्तम स्थानमें स्थित हो तो स्त्रीको बालविधवा योग होता है । यदि सप्तम स्थानमें सूर्य स्थित हो तो पति स्त्रीको त्याग देता है । यदि कन्याकी जन्मकुंडलीमें शनैश्चर पापदृष्टियुक्त सप्तम स्थित हो तो कन्याही वृद्ध हो जाती है अर्थात विवाह नहीं होता । औरभी लिखा है " लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे । कन्या भर्तृविनाशाय भर्ता कन्याविनाशकः ॥ " अर्थात् जन्मलग्न चतुर्थ ४ सप्तम ७ द्वादश १२ अष्टम ८ इन स्थानोंमें यदि कन्याके मंगल हो तो पतिका नाश करता है यदि पुरुषके इन स्थानोंमें मंगल होय तो स्त्रीनाश करता है। इत्यादि योगोंसे अच्छी तरह बालविधवायोगको विचार आगे कहना जो वैधव्यनाशक सावित्रीका व्रत पिता कन्यासे विधिपूर्वक करवावे । यदि भर्ताके स्त्रीनाशक और स्त्रीके भर्तानाशक योग पडा होय तो उन दोनोंका विवाह करना श्रेष्ठ होता है और वैधव्यकारक योग नहीं रहता । इसमें दृष्टान्त यह है कि जैसे दोनों अंगार आपसे युद्ध करें तो वातसे दोनोंही निस्तेज हो जाते हैं और सर्प दोनों युद्ध करें तो उसकी विष उसको और उसकी विष उसको नहीं बाधा करती । और

केवल स्त्रीकेही विधवा योग होय तो एकांतमें कन्याका पिता कन्यासे सावित्रीव्रत करवाय पश्चात् पिप्पलसे वा घट अथवा सुवर्णमयी विष्णुमूर्तिसे यथोक्त विधिसे विवाह करे पीछेसे चिरायुवाले वरसे विवाह करे तो पुनर्भूदोष नहीं होता । प्रमाणभी जैसे व्रतखंडमें लिखा है । " सावित्र्यादिव्रतादीनि भक्त्या कुर्वन्ति याः स्त्रियः । सौभाग्यं च सुहृत्त्वं च भवेत्तासां सुसन्ततिः ॥ " यह अष्टम प्रकरण स्त्रियोंके आचारमें अच्छी तरह आगे लिखा है ॥ ७ ॥

अथ पिप्पलव्रतं ज्ञानभास्करोक्तं लिख्यते ।

बलवद्विधवायोगे बाल्ये सति मृगीदृशाम् ।
पिता रहसि कुर्वीत तद्व्रतं शास्त्रसम्मतम् ॥ १ ॥
सुदिने शुभनक्षत्रे चन्द्रताराबलान्विते ।
अवैधव्यकरैर्योगैर्लग्ने ग्रहबलान्विते ॥ २ ॥
व्रतारम्भं प्रकुर्वीत बालवैधव्यनाशकम् ।
सुस्नातां चित्रवसनां कन्यां पितृगृहाद्बहिः ॥ ३ ॥
नीत्वाऽश्वत्थशमीस्थाने यद्वा बदरिकाश्रमे ।
आलवालं प्रकुर्वीत यदि वा मृदुकर्षितम् ॥ ४ ॥
कुमार्याचार्यनिर्दिष्टं कृत्वा संकल्पमादरात् ।
करकाम्बुप्रमाणेन सिंचनं प्रतिवासरम् ॥ ५ ॥

चैत्रे वाश्विनमासे वा तृतीयासितपक्षतः ।
यावत्कृष्णा तृतीयान्या मासमेकं यथाविधि ॥ ६ ॥
ब्राह्मणानां तथा स्त्रीणां पूजनं च समाचरेत् ।
तदाशिषाप्नुयात्कन्यां सौभाग्यं च सुखान्वितम् ७॥
प्रतिमां पार्वतीनाम्ना वैष्णवे भाजनेऽर्चयेत् ।
चंदनाक्षतदूर्वाद्यैर्बिल्वपत्रैर्यथाविधि ॥ ८ ॥
उपचारैर्यथाशक्त्या नैवेद्यैः प्रतिवासरम् ।
एवं व्रतप्रभावेण बालवैधव्यनिष्कृतिः ॥ ९ ॥
जायते कन्यकानां च ततः पाणिग्रहक्रियाः॥ १०॥

इति अश्वत्थव्रतविधानम् ।

भा० टी०-भावार्थ यह है कि बालिष्ठ स्त्रीको विधवायोग पडनेमें एकांत स्थानमें पिता शास्त्रोक्त उसका भंग वक्ष्यमाण शुभ दिन शुभ नक्षत्रोंमें करे । कन्याको स्नान करवाय वस्त्र भूषण पहनाय घर (गृह) से बाहिर अश्वत्थ (पिप्पल) के स्थानमें कन्याको साथ ले पिप्पलकी आलवाल(आढ)चारों तरफ कर कन्या संकल्पपूर्वक जो चतुर्थ प्रकरणमें लिखा है प्रतिदिन जलसे सिंचन करे फिर चैत्र वा आश्विन शुक्लतृतीयासे कृष्णतृतीयापर्यन्त कन्या ब्राह्मण और स्त्रियोंका पूजन कर उनके आशीर्वाद ग्रहण करे । और सुवर्णपात्रमें पार्वतीजीका

षोडशोपचारसे वक्ष्यमाण पूजन करे इस व्रतके प्रभावसे कन्याओंका बालवैधव्य योग नाश होता है पीछेसे चिरायुवाले वरसे विवाह देवे ॥ १-१० ॥

अथ अश्वत्थविवाहविधिः सूर्यारुणसंवादोक्तो लिख्यते ।

सुहृद्द्विजगुरून्नारी मंगलोच्चारणैः समम् ।
आहूयोद्वाहकाले च रम्यभूमौ च मण्डपे ॥ १ ॥
गत्वा प्रणम्य गौरीं च गणनाथं च भूरुहम् ।
भवानीं चैव मन्थानीं पिता मंत्रमुदीरयेत् ॥ २ ॥
उद्वाहयिष्ये विधिवदश्वत्थेन मनोहराम् ।
कन्यां सौभाग्यसौख्यार्थहेतवेऽहं द्विजोत्तमाः ३ ॥
नमस्ते विष्णुरूपाय जगदानंदहेतवे ।
पितृदेवमनुष्याणामाश्रयाय नमो नमः ॥ ४ ॥
पूर्वजन्मकृतं पापं बालवैधव्यकारकम् ।
नाशयाशु सुखं देहि कन्याया मम भूरुह ॥ ५ ॥

भा० टी०-भावार्थ यह है कि अश्वत्थव्रतके अनन्तर मित्र द्विज गुरु मंगल शब्दके साथ स्त्री विवाहकालमें इन सबको लेकर सुंदर मण्डपभूमिमें प्राप्त होय गौरी गणेश पिप्पल भवानी मंथानी इनको प्रणाम कर कन्याका पिता इस मंत्रसे प्रार्थना करे हे ब्राह्मणगण ! आपके प्रत्यक्ष सौभाग्य सुख अर्थके लिये अपनी कन्याका अश्वत्थके साथ विवाह करता हूं जगत् आनंद

हेतु विष्णुरूप और पितर देव मनुष्योंका आश्रय इस अश्वत्थको वारंवार नमस्कार कर साथ प्रार्थना करते हैं भो अश्वत्थदेव ! पूर्वजन्मकृत जो बालवैधव्यकारक पाप इनका नाश करो और मेरी कन्याको सुख सौभाग्य देवो । इति । यह प्रार्थनाका मंत्र है और विवाहविधि वक्ष्यमाण यथावत् मंत्रोंसे करनी चाहिये ॥ १–९ ॥

अथ कुम्भविवाहः सूर्यारुणसंवादे ।

विवाहोक्तेन मंथन्या कुम्भेन च सहोद्वहेत् ।
विवाहात्पूर्वकाले तु चंद्रताराबले शुभे ॥ १ ॥
पिता संकल्प्य वाद्यं च विवाहविधिपूर्वकम् ।
सूत्रेण वेष्टयेत्पश्चाद्दशतंतुविशेषतः ॥ २ ॥
कुंकुमालंकृतं देहं तयोरेकांतमंदिरे ।
ततः कुम्भं विनिःसार्य प्रभज्य सलिलाशये ॥ ३ ॥
ततोऽभिषेचनं कुर्यात्पञ्चपल्लववारिभिः ।
तत्सर्वं वस्त्रपूजाद्यं ब्राह्मणाय निवेद्य च ॥ ४ ॥
कन्यालंकारवस्त्राद्यं ब्राह्मणाय निदयेत् ।
प्रार्थना—वरुणांगस्वरूप त्वं जीवनानां समाश्रय५॥
पतिं जीवय कन्यायाश्चिरं पुत्रान्सुखं वरम् ।
देहि विष्णो वरानन्दं कन्यां पालय दुःखतः ॥ ६ ॥

इति कुम्भविवाहः ।

---

१ दशतंतुविधानत इत्यपि पाठः ।

भा० टी०—भावार्थ यह है कि विवाहके प्रथम शुभदिनमें विवाहोक्त विधिसे मन्थानी कुंभमें संकल्पपूर्वक विवाह करे पीछेसे दशतंतुसूत्रसे वेष्टन कर कुंकुम (केशर) लगाय एकान्तमें फिर कुंभको निकाल सलिलस्थानमें प्रक्षेप कर (फेंक) पंचपल्लवसे कन्याको अभिषेक करे अनंतर संपूर्ण कुंभपूजनकी सामग्री ब्राह्मणको दे कन्याकेभी वस्त्र भूषण ब्राह्मणको देवे और वरुणकी प्रार्थना करे । हे जीवनके आश्रय वरुणस्वरूप घट ! कन्याके पतिको चिरंजीवी करो । हे विष्णो ! कन्याकी पालना कर सुख सौभाग्यको देवो । इस प्रकार सुवर्णमयी चतुर्भुज विष्णुकी मूर्ति बनाय विवाह कर यथावत् विधिसे ब्राह्मणको मूर्ति देवे । दानका प्रकार जैसे वहांही लिखा है यथा—

शुभे मासे सिते पक्षे सानुकूलग्रहे दिने ।
ब्राह्मणं साधुमामंत्र्य संपूज्य विविधार्हणैः ॥७॥
तस्मै दद्याद्विधानेन विष्णोर्मूर्तिं चतुर्भुजाम् ।
शुद्धवर्णसुवर्णेन वित्तशक्त्याथवा पुनः ।
निर्मितां रुचिरां शंखगदाचक्राब्जसंयुताम् ॥८॥
दधानां वाससी पीते कुमुदोत्पलमालिनीम् ।
सदक्षिणां च तां दद्यान्मंत्रमेतमुदीरयेत् ॥ ९ ॥

यन्मया पूर्वजनुषि घ्नन्त्या पतिसमागमम् ।
विषोपविषशस्त्राद्यैर्हतो वातिविरक्तया ॥ १० ॥
प्राप्यमानं महाघोरं यशःसौख्यधनापहम् ।
वैधव्याद्यतिदुःखौघनाशाय सुखलब्धये ॥ ११ ॥
महासौभाग्यलब्ध्यै च महाविष्णोरिमां तनुम् ।
सौवर्णनिर्मितां शक्त्या तुभ्यं संप्रददे द्विज ॥ १२ ॥
अनघा त्वहमस्मीति त्रिवारं प्रवदेदिति ।
एवमस्त्विति विप्राशीर्गृहीत्वा स्वगृहं विशेत् ॥ १३ ॥
ततो वैवाहिकं नान्तो विधिं कुर्यान्मृगीदृशाम् १४ ॥

इति विष्णुप्रतिमादानविधिः ।

भा० टी०—सानुकूल ग्रहदिनमें ब्राह्मणको बुलाय सुवर्णनिर्मित चतुर्भुज शंख चक्र गदा पद्मसे युक्त पीत वस्त्र वनमालासहित दक्षिणाके साथ प्रतिमा देय कन्या यह मन्त्र पढे कि जो मैंने पूर्वजन्ममें पतिसमागम नाश करनेसे वा विष उपविष शस्त्रसे पतिको मारा उससे उत्पन्न जो वैधव्य योग उसके नाशके लिये और सुखप्राप्तिके लिये यह सुवर्णमयी महाविष्णुकी मूर्ति हे ब्राह्मण ! तुमको दान करती हूं इससे मैं पापरहित भई यह तीन बार कहे एवमस्तु ऐसे ब्राह्मण वाक्यके अनंतर गृहमें आवे तब पिताआदिके साथ मंगलशब्दकपूर्वक विवाह करे ॥ १–१४ ॥

शास्त्रार्थः ।

यदि कोई महाशय शंका करे कि विष्णुमूर्ति कुंभ पिप्पल इनमेंसे एकके साथ विवाह कर फिर द्वितीयवार मनुष्यके साथ विवाह करनेसे पुनर्भूदोष स्त्रीको होना चाहिये । उसका उत्तर यह है कि जो एक मनुष्यके साथ विवाह कर फिर द्वितीय पुरुषके साथ विवाह किया जाय वह स्त्री पुनर्भू कहलाती है। इसमें हम प्रमाण देते हैं । याज्ञवल्क्यस्मृति अध्याय प्रथम यथा-" अक्षता च क्षता चैव पुनर्भूः संस्कृता पुनः । " अर्थात् पतिके मर जानेपर वा जीवितपर जो फिर दूसरे मनुष्यसे संस्कृत विवाही जाय वही पुनर्भू होती है । यदि पिप्पलादि विवाहके अनंतर मनुष्यके साथ विवाह होनेसे पुनर्भूदोष है तो याज्ञवल्क्यजीने ' अक्षता च क्षता ' यह शब्द किसलिये कथन करा ? ऐसे लिख देना था कि ' पुनर्भूः संस्कृता पुनः ' और ' अक्षता च क्षता ' इन शब्दोंका अर्थ मिताक्षरामें यह लिखा है पति अक्षत हो अर्थात् जीवित हो वा (च क्षता) क्षत हो अर्थात् मर गया हो फिर संस्कार करनेसे पुनर्भू संज्ञा होती है । इसलिये पिप्पल देवादि विवाहसे पुनर्भूदोष नहीं है। हम औरभी प्रमाण देते हैं कि जो घटादिविवाहसे पुनर्भूदोष न हो । प्रमाण विधान व्रतखंडका जैसे " स्वर्णाम्बुपिप्पलानां च प्रतिमा विष्णुरूपिणी । तया सह विवाहे च पुनर्भूत्वं न जायते ॥ " अन्यच्च " लक्ष्मीरूपा सदा कन्या हरिरूपं सदा जलम् । हरेर्दत्तं च यद्दानं दातुः पापहरं सदा ॥ अर्थ-सुवर्ण घट पिप्पलकी प्रतिमा मूर्ति विष्णुरूप होती है इनके साथ

विवाह करनेसे पुनर्भूदोष नहीं होता और लक्ष्मी सदैव कन्या हरिरूप सदैव जल होता है इसलिये विष्णुको जो दान दिया जाय वह यजमानके पाप नष्ट करनेवाला होता है । इसलिये इनके साथ विवाह करनेसे पुनर्भूदोष नहीं प्रत्युत (किंच) कन्याका वैधव्यनाशक है । और वेदमेंभी सोम, सूर्य, अग्नि पालन करनेसे स्त्रीके रक्षक लिखे हैं । और चतुर्थ मनुष्य पति लिखा है यथा " सोमः प्रथमो विविदे गन्धर्वो विविद उत्तरः । तृतीयो अग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजाः " इस मंत्रका अर्थ विस्तारपूर्वक आगे विवाहप्रकरणमें लिखा है । यदि कोई महाशय अबभी यह आक्षेप करे कि जो वस्तु एकको दान करवा भोगनेके लिये दी जाय फिर यदि वही वस्तु दूसरेको भोगनेके लिये दी जाय वह उच्छिष्ट (जूंठ) होती है और उच्छिष्टका सर्वत्रही निषेध है. इस लिये प्रथम विष्णु घट वा पिप्पलको स्त्री दी फिर वही मनुष्यके साथ विवाह दी तो वहभी उच्छिष्ट भई इसालिये मनुष्यको स्वीकार नहीं करनी चाहिये । उत्तर—महाशय मित्रवर! आपने युक्तिसे फिरभी वही दोष उच्छिष्ट मानकर लगाया अहो आप बडे निपुण हो और अति चञ्चलबुद्धि हो परंतु आपको विनयपूर्वक हम यह कहते हैं कि आप उच्छिष्टका त्याग सर्वत्र करते हो वा आपके पूर्व पूर्व पुरुषोंने किया जैसे मधु (सहत) दुग्ध यहभी उच्छिष्टही है यह आप किसलिये भक्षण करते हो और श्राद्धादि कर्मोंसे मधुवातादि मन्त्रोंसे मधु पितरोंको अर्पण करते हो वा नहीं । बस, अब चुप हो गये; भला [illegible] तो कहिये, बस अब नहीं कहेंगे; निरुत्तर भये । अच्छा,

अपने प्रश्नका तो उत्तर श्रवण कीजिये । महात्मन् ! जैसे मधु मक्षिकाके, दुग्ध वत्ससे, कमल भ्रमरोंसे उच्छिष्ट भयाभी देवपितृकर्ममें आता और जगत्को पंचगव्यादिसे पवित्र करता है उसी प्रकार विष्णु घट पिप्पलसे संस्कृत स्त्री मनुष्यके साथ विवाह करनेके अनंतर पुत्रपौत्रादि संतानसे शुभलोककी प्राप्ति और इस लोकमें सुख देती है तथा याज्ञवल्क्यस्मृतिमें लिखा है । अध्याय १ " लोकानंत्यं दिवः प्राप्तिः पुत्रपौत्रप्रपौत्रकैः । यस्मात्तस्मात्स्त्रियः सेव्याः कर्त्तव्याश्च सुरक्षिताः ॥ " इति और विधानखंडमेंभी लिखा है यथा " यथालिभुक्तकमलं देवानां पूजनाय वै । अर्हं भवति सर्वत्र तथा कन्या नृणां भवेत् ॥ " इसलिये भास्कराचार्य मन्थानीमें कन्याका विवाह यत्नसे करता भया और रेणुकमहर्षि अश्वत्थसे कन्याका विवाह करता भया । प्रमाण अभिधानखण्डका । जैसे " मन्थन्या भास्करो यत्नात् कृतवान दुहितुर्विधिम् । रेणुकोऽपि स्वकन्यायास्तरूद्वाहं चकार सः ॥ " इसलिये पुत्रवत् कन्याकीभी जन्मकुण्डली सर्व महाशयजनोंको अवश्य बनानी चाहिये । यदि कर्मानुसार जिसके योग पडा हो उसका शास्त्रोक्त उपाय करानेसे शांति हो जाय तो सुख हो । इत्यलम् ॥

प्रश्नलग्नगणे यादृशाऽपत्ययुक् स्वेच्छया कामिनी तत्र चेदाव्रजेत् । कन्यका वा सुतो वा तदा पण्डितैस्तादृशापत्यमस्या विनिर्दिश्यते ॥ ८ ॥

भा० टी०-प्रश्नकालमें जैसी संतानयुक्त अपनी इच्छासे उस स्थान आ जाय वा कन्या वा बालक बुद्धिवान् ज्योतिषी तादृश उसकी संतान कहे अर्थात् जैसी स्त्री कन्या बालक प्राप्त होय वैसेही उसको स्त्री पुत्रादिक मिलते हैं ॥ ८ ॥

शंखभेरीविपंचीरवैर्मंगलं जायते वैपरीत्यं तदा लक्षयेत् । वायसो वा खरः श्वा शृगालोऽपि वा प्रश्नलग्नक्षणे रौति नादं यदि ॥ ९॥

भा० टी०-शंख दुंदुभी वीणा सतारका शब्द प्रश्नकालमें शुभ होता है और काक श्वान गर्दभ शृगाल यह प्रश्नकालमें शब्द करें तो निषिद्ध (अशुभ) हैं ॥ ९ ॥

विश्वस्वातीवैष्णवपूर्वात्रयमैत्रैर्वस्वाग्नेयैर्वा करपीडोचितऋक्षैः । वस्त्रालंकारादिसमेतैः फलपुष्पैः सन्तोष्यादौ स्यादनु कन्यावरणं हि ॥ १० ॥

भा० टी०-अब कन्याका वरण लिखते हैं । ज्येष्ठा स्वाती श्रवण पूर्वात्रय अनुराधा धनिष्ठा कृत्तिका अथवा पाणिग्रहणोचित नक्षत्रोंमें फल पुष्प वस्त्रालंकारादिसे कन्याको संतुष्ट कर पीछेसे वरण करे ॥ १० ॥

धरणिदेवोऽथवा कन्यकासोदरः शुभदिने गीतवाद्यादिभिः संयुतः । वरवृतिं वस्त्रयज्ञोपवीतादिभिर्ध्रुवयुतैर्वह्निपूर्वात्रयैराचरेत् ॥ ११॥

भा० टी०—अथ बालक वरण लिखते हैं । ब्राह्मण वा कन्याका भ्राता (भाई) शुभदिनमें गीतादिवाद्यसहित होय वस्त्र यज्ञोपवीतादिसे उत्तराफाल्गुनी उत्तराभाद्रपदा उत्तराषाढा रोहिणी कृत्तिका पूर्वाभाद्रपदा पूर्वाषाढा इन नक्षत्रोंमें वरका वरण करे । इस प्रकार वर वरण कर पीछेसे कन्याको वस्त्रालंकारादि श्वशुरगृहसे जो प्राप्त उससे पूर्वोक्त नक्षत्रोंमें वरण करना ॥ ११ ॥

गुरुशुद्धिवशेन कन्यकानां समवर्षेषु षडब्दकोपरिष्टात् । रविशुद्धिवशाच्छुभो वराणामुभयोश्चंद्रविशुद्धितो विवाहः ॥ १२ ॥

भा० टी०—गुरु बृहस्पतिजीकी शुद्धिसे कन्याका षट् ६ वर्षके ऊपर अष्टम ८ दशम १० समवर्षमें विवाह शुभ है । और सूर्यकी शुद्धिद्वारा वरका विवाह श्रेष्ठ है और वर कन्या दोनोंका चंद्रमाकी शुद्धिसे विवाह शुभ होता है भावार्थ यह है कि कन्याकी जन्मराशिसे गुरु और वरकी जन्मराशिसे सूर्य और दोनोंका चंद्रमाजीकी शुद्धिसे श्रेष्ठ विवाह होता है । इसी आशयको काशीनाथजी कहते हैं । "वरस्य भास्करबलं कन्यायाश्च गुरोर्बलम् । द्वयोश्चंद्रबलं ग्राह्यं विवाहो नान्यथा भवेत् ॥" ॥ १२ ॥

मिथुनकुंभमृगालिवृषाजगे मिथुनगेऽपि रवौ त्रिलवे शुचिः । अलिमृगाजगते करपीडनं भवति कार्तिकपौषमधुष्वपि ॥ १३ ॥

भा० टी०-मिथुन, कुंभ, मकर, वृश्चिक, वृष, मेष इन राशियोंमें सूर्य होय अथवा आषाढके १० दश दिनपर्यंत मिथुनराशिगत सूर्य हो वा वृश्चिक मकर मेषगत सूर्य हो तो कार्तिक पौष चैत्रमेंभी पाणिग्रहण शुभ है ॥ १३ ॥

आद्यगर्भसुतकन्ययोर्द्वयोर्जन्ममासभतिथौ करग्रहः। नोचितोऽथ स बुधैः प्रशस्यते चेद्द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः ॥ १४ ॥

भा० टी०-आद्यगर्भ प्रथमगर्भ अर्थात् ज्येष्ठ पुत्र वा कन्या होय तो उन दोनोंका जन्मके मासमें वा जन्मतिथिमें अथवा जन्मनक्षत्रमें पाणिग्रहण श्रेष्ठ नहीं। यदि वह दोनों दूसरे गर्भके होय तो जन्म मास तिथि नक्षत्रमें विवाह पुत्रको देनेवाला है ॥ १४ ॥

ज्येष्ठद्वंद्वं मध्यमं संप्रदिष्टं त्रिज्येष्ठं चेन्नैव युक्तं कदापि। केचित्सूर्यं वह्निगं प्रोक्तमाहुर्नैवान्योन्यं ज्येष्ठयोः स्याद्विवाहः ॥ १५ ॥

भा० टी०-ज्येष्ठ बालक ज्येष्ठ कन्याका विवाह मध्यम होता है यदि ज्येष्ठका महीना (मास) ज्येष्ठ बालक ज्येष्ठाही कन्या यह तीन ज्येष्ठ किसी कालमेंभी श्रेष्ठ नहीं अतिनिषिद्ध हैं। कई आचार्योंका यह मत है कि जिस कालपर्यंत कृत्तिकामें सूर्य हो उतना काल ज्येष्ठमास निषिद्ध है; परंतु सिद्धांतमत यही है वर कन्या ज्येष्ठोंका आपसमें विवाह श्रेष्ठ नहीं ॥ १५ ॥

सुतपरिणयात्षण्मासान्तः सुताकरपीडनं न च निजकुले तद्वद्वा मुण्डनादपि मुण्डनम् । न च सहजयोर्देये भ्रात्रोः सहोदरकन्यके न सहजसुतोद्वाहोऽब्दार्धे शुभे न पितृक्रिया १६

भा० टी०—पुत्रविवाहके अनंतर षण्मास (६) के बीचमें कन्याका विवाह शुभ नहीं । इस प्रकार अपनी कुलमें मुंडन (चूडाकर्म) के पीछे मुंडन षट् ६ महीनेके अन्तर श्रेष्ठ नहीं और एक पिताके दो पुत्रोंको दो भ्राताकी कन्यासे सहोदर (सगे) भाइयोंका विवाह शुभ नहीं । यदि एक पिताकी दो कन्या होय तो एक पिताके दो पुत्रोंसे विवाहका दोष नहीं सहोदर शब्दका यह अर्थ है कि एक माताके गर्भमें न हो और एक पितासे सपत्नीसे उत्पन्न भ्राता सहोदर नहीं कहाते प्रमाण " समानोदर्य्यसोदर्य्यसगर्भ्यस्तु सनाभयः । " इत्यमरः । और बालक कन्याके विवाहके अनंतर षट् मास ६ पर्यंत पितृक्रिया श्राद्धादि शुभ नहीं है ॥ १६ ॥

वध्वा वरस्यापि कुले त्रिपूरुषे नाशं व्रजेत्कश्चन निश्चयोत्तरम् । मासोत्तरं तत्र विवाह इष्यते शान्त्याथ वा सूतकनिर्गमे परे ॥ १७ ॥

भा० टी०—वधूवरके तीन पुरुषमें यदि कोई नाशको प्राप्त हो जाय निश्चयके अनंतर एक मासके अनन्तर विवाह करे । अथवा कूष्मांडशांति कर विवाह करे । कोई आचार्य सूतक

पातककी निवृत्तिके अनन्तर कहते हैं। यदि कन्यादान हो चुका हो फिर सूतक पातक पडे तो भोजनादि सर्व विवाहांग करनेका दोष नहीं ॥ १७॥

चूडाव्रतं चापि विवाहतो व्रताच्चूडा च नेष्टा पुरुषत्रयान्तरे। वधूप्रवेशाच्च सुताविनिर्गमः षण्मासतो वाब्दविभेदतः शुभः ॥ १८॥

भा० टी०—विवाहसे चूडाकर्म चूडाकर्मसे विवाह षण्मासके बीच श्रेष्ठ नहीं इस प्रकार वधूप्रवेशसे कन्याका निर्गम ६ षट् मासके अंतर श्रेष्ठ नहीं। यदि वर्षका भेद होय तो दोष नहीं। विवाहमें सूर्य संक्रान्तिसे वर्षका भेद होता है ॥ १८॥

अथ विवाहमुहूर्ताः।

निर्वेधैः शशिकरमूलमैत्रपित्र्यब्राह्मांत्योत्तरपवनैः शुभो विवाहः। रिक्ताऽमारहिततिथौ शुभेऽह्नि वैश्वप्रांत्यांघ्रिश्रुतितिथिभागतोऽभिजित्स्यात् ॥ १९॥

भा० टी०—वेधरहित मृगशिर, हस्त, मूल, अनुराधा, मघा, रोहिणी, रेवती, उत्तरात्रय ३, स्वाती ये नक्षत्र विवाहमें शुभ हैं। चतुर्थी ४, नवमी ९, चतुर्दशी १४, अमावस ३० इनसे रहित तिथियां श्रेष्ठ हैं। विवाहमें चंद्र, बुध, बृहस्पति, शुक्र ये वार शुभ होते हैं। उत्तराषाढाके अंतका चरण श्रवणकी ४ चार घटी, अभिजित् नक्षत्र होता है ॥ १९॥

और राशि, वर्ण, योनि, गण, षडष्टक, नवपंचक, द्विर्द्वादश, राशिनाडीचक्र, वर्ग, लत्तादिक दश १० दोष अवश्य विचारने योग्य हैं इसलिये सारणी बनाकर सबकी समझमें आनेवाली अतिसुगम रीतिसे आगे लिखते हैं ॥

अथ राशिचक्रम.

मेष	वृष	सिंह	धन मकर पू०	चतुष्पद
मिथुन	कन्या	तुला	कुंभ	नर द्विपद
कुंभ	मीन	मकरपरार्द्ध	०	जलचर
वृश्चिक	कर्क	०	०	कीटकसंज्ञक

पुरुषकी राशि स्त्रीकी राशिसे बली उचित है और संपूर्ण चतुष्पद द्विपदोंके वश्य हैं सिंहके विना जलचर भक्षक हैं । सर्प विच्छू भयदायक हैं ॥

अथ वर्णचक्रम्.

मीन	वृश्चिक	कर्क	ब्राह्मण
मेष	सिंह	धन	क्षत्री
वृष	मकर	कन्या	वश्य
मिथुन	कुंभ	तुला	शूद्र

वरस्य वर्णताधिका वधूर्न शस्यते बुधैः । अर्थात् वरके वर्णसे अधिक वधू श्रेष्ठ नहीं वरका वर्ण कन्यासे अधिक श्रेष्ठ है.

अथ योनिचक्रम्.

आश्विनी	स्वा. हस्त	धनि. पू.भा.	भरणी रेवती	पुष्य कृत्ति.	श्रवण पू.षा.	उ.षा. ऽभि.	मृग रो.	नक्षत्र
अश्व (घोडा)	महिष	सिंह	गज	छाग मेंढा	वानर	नकुल	सर्प	योनयः
ज्येष्ठा अनु.	मूल आर्द्रा	श्लेषा पुनर्व.	मघा पू.फा.	चित्रा विशा.	उ.फा. उ.भा.			नक्षत्र
मृग	श्वान	बिलाव	चूहा	व्याघ्र	गौ			योनयः
अनयोर्वैरं		अनयोर्वैरं		अनयोर्वैरं		अनयोर्वैरं		वैरं

वैर वैर वैर वैर

यह योनिचक्र विवाहमें सेव्यसेवक भावमें मैत्री कार्यमें अवश्य विचारना चाहिये।

अथ गणचक्रम्.

म.	श्ले.	ध.	ज्ये.	मूल	शत.	कृत्ति	चि.	वि.	राक्षस
पू.फा.	पू.षा.	पू.भा.	उ.फा.	उ.षा.	उ.भा.	रोहि.	भर.	आर्द्रा	मनुष्य
ऽनु.	पुन.	मृ.	श्र.	रेव.	स्वा.	ह.	अश्वि.	पुष्य	देवता

अपने गणके साथ परम प्रीति, देवता मनुष्योंकी सम, देवता राक्षसोंका युद्ध, मनुष्य राक्षसकी मृत्यु गणोंकी आपसमें होती है।

अथ षडष्टकचक्रम्.

मे.	वृष.	मि.	क.	सिं.	तु.	पुरुषराशिमृत्युः
वृ.	ध.	कुं.	मी.	म.	मी.	स्त्रीराशिमृत्युः

अथ नवपंचकचक्रम्.


मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	कुं.	अन्योन्यपुरुषसंतानहानि.
सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	मि.	स्त्रीराशिकी कालि होती है.

अथ द्विर्द्वादशचक्रम्.

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	वृ.	म.	मी.	दारिद्र्यं
वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	ध.	कुं.	मी.	दारिद्र्यं

मृत्युः षडष्टके ज्ञेयोऽपत्यहानिर्नवात्मजे ।
द्विर्द्वादशे निर्द्धनत्वं द्वयोरन्यत्र सौख्यकृत् ॥

अथ नाडीचक्रम् ।



" दंपत्योरेकनाड्यां परिणयनमसन्मध्यनाड्यां हि मृत्युः" अर्थात् स्त्री वरका एक नाडीमें स्थित नक्षत्रोंमें विवाह अशुभ होता है और मध्यम नाडीमें मृत्यु होती है । इसलिये तृतीय नाडी शुभ है ।

अथ वर्गचक्रम्.

गरुड	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेंढा
अ. ॥	क	च	ट	त	प	य	श
इ. ३	ख	छ	ठ	थ	फ	र	ष
उ. ७	ग	ज	ड	द	ब	ल	स
ऋ. ९	घ	झ	ढ	ध	भ	व	ह
लृ. ८	ङ	ञ	ण	न	म		

अपने वर्गमें परम प्रीति होती है और अपने वर्गसे पंचम वर्ग शत्रु होता है और चतुर्थ मित्र और तृतीय उदासीन होता है इनका फल वर्गसदृश है ।

अथ राशिस्वामिचक्रम्.

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	स्वामिनः

अथ राशिचक्रम्.

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	कं.	तु.	वृ.	धन	म.	कुं.	मी.
चु	इ	का	हि	म	टो	रा	तो	ये	भो	गु	दि
चे	उ	कि	हु	मि	प	रि	न	यो	जंज	गे	दु
चो	ए	कु	हे	मु	पि	रु	नि	भ	जिंज	गो	थ
ला	ओ	घे	हो	मे	पु	रे	नु	भि	खेग्व	स	ळ
लि	वा	ङ	डा	मो	ष	रो	ने	ख्वि	सि	ञ	ञ
लू	वि	छ	डि	टा	ज	ता	जो	ध	खं	सु	दे
ले	वू	के	डु	टि	ठा	ति	या	फा	ग्वो	से	दो
लो	वे	को	डे	टु	पे	तु	यि	ढा	ग	सो	च
अ	वो	हा	डो	टे	पो	ते	यु	भे	गि	द	चि

अथ लत्ताचक्रम्.

सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	बृ.	शुक्र	शनि	रा.	विवाहन.
पू.षा.	पू.भा.	भर.	मघा	उ.भा.	पुष्य	शत.	उ.फा	रोहि.
उ.षा.	उ.भा.	कृ.	पू.फा.	रेवती	ऽश्ले	पू.भा.	ह.	मृगशि.
उ.भा.	रो.	पुष्य	वि.	मृ.	चि.	कृ.	ज्ये.	मघा.
अश्वि	आर्द्रा	मघा	ज्येष्ठा	पुन.	वि.	मृ.	पू.षा.	उत्तराफा.
भरणी.	पुष्य	पू.फा.	मूल	पु.	ऽनु.	आ.	उ.षा.	हस्त
रो.	ऽश्ले	ह	उ.षा.	म.	मू.	पुष्य	ध.	स्वाती
आ	पू.फा.	स्वा.	ध	उ.फा	उ.षा.	म.	पू.भा.	अनुराधा
पुष्य	ह.	अनु.	पू.भा.	चि.	धनि.	उ.फा	रे.	मूल
म.	स्वा.	मृ.	रे	वि.	पू.भा.	चि.	भ.	उत्तराषा.
स्वा.	पू.षा.	श	मृ	उ.षा.	कृ.	मू.	पु.	उ.भा.
वि.	उ.भा.	पू.भा.	आ.	श्र.	रो.	पू.षा.	पुष्य	रेवती

यह लत्तादोष विवाहादि शुभकार्योंमें वर्जित है । विशेषकर मालवदेशमें अवश्य वर्जनीय है ॥

अथ पातदोषचक्रम्,

वैधृति	हर्षण	व्यतिपात	शूल	गंड	योगानाम्.
अन्ते विवाहनक्षत्रं यथा गंडयोग १५ घटी रेवती ३० वा २५ घटीपातेनपातितं नक्षत्रं विवाहे वर्ज्यं कुरुजांगलदेशे अवश्यं वर्ज्यम् ॥					

अथ युतिदोषचक्रम्.

चं.सू.	च मं.	चं.बु.	चं.बृ.	चं. शु	चं.श.	चं.रा.	युति
दारिद्यं	मरणं	शुभं	सौख्यं	सापत्न्यं वैराग्यं	मृति	मृति	फलं

अथ वेधचक्रम.

रो.	मृ.	म.	उ.फा	ह.	स्वा	ऽनु	म	उ.षा	उ.भा	रेव.	वि.न.
ऽभि	उ.षा	श्र	रे.	उ.भा	श.	भ.	पु.	मृ.	ह.	उ.फा	सूर्यो

अथ चरणवेधचक्रम.

प्र.	प्र.	प्र.	प्र.	नक्षत्रके प्रथम पादमें ग्रहको विवाहनक्षत्रके
४	१	२	३	चतुर्थपादका वेध है विवाहमें सर्वदेशमें वेध
१	४	३	२	वर्ज्य है अत्यावश्यकमें चरणवेध वर्ज्यहै.

अथ यामित्रनाक्षत्रचक्रम.

रो.	मृ.	म	उ.फा.	ह.	स्वा.	ऽनु.	मू.	उ.षा.	उ.भा.	रे.	वि.न.
ऽनु	ज्ये.	ध.	पू.भा	उ.भा.	ऽश्वि.	कृ.	मृ.	पु.	उ.फा.	ह.	ग्रहा

लग्नसे चंद्रमासे सप्तम ग्रह यामित्रकारक होता है अथवा लग्ननवांशसे वा चंद्रराशिस्थ नवांशसे पंचपंचाशत ५५ नवमांशमें जो ग्रह होय वह यामित्रकारक होता है शुभ नहीं होता ॥

अथ बुधपंचकचक्रम्.

८	२	४	६	१	अंक
रोग	वह्नि	राजा	चौर	मृत्यु	बाण

शुक्ल प्रतिपत्से गततिथि लग्नसे युक्त कर नौसे भाग ले शेष रहा अंक बाण जानना । यह दक्षिणदेशमें निषिद्ध है ॥

अथ सर्वदेशे बुधपंचकम्.

रोग	वह्नि	राज	चौर	मृत्यु	बाणः ५ दिने
०८ १७ २६	०२ ११ २० २४	०४ १३ २२ ३१	०६ १५ २५	०१ १० १९ २८	सूर्यसंक्रांतिसे इन दिनोंमें बाण है ।
सूर्य	भौम	शनि	मंगल	बुध	इन दिनोंमें.
व्रतमें	गृह गोपमें	नृप सेवामें	यात्रामें	विवाहमें	इन कार्यमें वर्जित है ।
रात्रिमें	दिनमें	दिनमें	रात्रिमें	संध्यामें	

एकार्गलचक्रम्.


व्या	गंड	व्यति	वि०	शूल	वैधृति	वज्र	परि	ऽतगं

यदि सूर्यनक्षत्रसे विवाहनक्षत्र विषम अभिजित सहित स्थित हो तो एकार्गला योग कुरु बाह्लीक देशमें वर्जित है ।

अथोपग्रहाः.

५	८	१०	१४	७	१९	१५	१८	२१	२२	२३	२४	२५
यदि सूर्यनक्षत्रसे इन अंकोंमें विवाहनक्षत्र होय तो उपग्रहदोष होता है ॥												

अथ क्रांतिसाम्यम्.



अर्थात् चंद्रमा सूर्य अन्योन्य नक्षत्रगत होय संमुख स्थित होय तो क्रांतिसाम्य दोष होता है विवाहमें शुभ नहीं होता ॥

अथ दग्धा तिथिः.

मीन चैत्र	वृष. ज्येष्ठ	मेष वैशाख	कन्या आश्विन	वृश्चि. मार्गशी.	मकर माघ	मासोंमें
२	४	६	८	१०	१२	दग्धातिथिः
धन पौष	कुंभ फाल्गुन	कर्क श्रावण	मिथु. आषाढ	सिंह भादों	तुला कार्तिक	मासोंमें
२	४	६	८	१०	१२	दग्धातिथिः

यह शुभ कर्मोंमें दग्धातिथि वर्जित है ॥

अथ दश योगाः.

सूर्यचंद्रनक्षत्रयोगः २७ शेषः ।									
००	०१	४	६	१०	१९	१५	१८	१९	२०
वात	ऽभ्र	ऽग्नि	नृप	चौर	मृति	रोग	वज्र	वाद	क्षिति

यथा सूर्यर्क्ष श्रवण २२ चंद्रर्क्ष धनिष्ठा २३ अनयोर्योगः ४५ भशेषः २७ सप्तविंशति तष्टः १८ वज्रपातयोगः ॥

अथ पंगवंधकाणलग्नानि.

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी
बंध	अंध	अंध	अं.	बंध	अंध	बधिर	ब०	ब.	ब.	पंगु	पंगु
दिन में	दिन में	रात्रि में	रा. में	दिन में	रात्रि में	अप-राण्हमें	अप-राण्हे	अ. ग.	सं. में	सं० में	सं. में

यह गौड मालव देशमें त्याज्य है अथवा गुरुदृष्टिसे किसी स्थानमेंभी दोष नहीं ॥

अथ ग्रहनैसर्गिकमैत्रीचक्रम्.

सूर्य	चंद्रमा	मंगल	बुध	बृहस्प०	शुक्र	शनि	ग्रहाः
मं. बृ. चं	सूर्य बुध	चं. बृ. सूर्य	सूर्य शुक्र	सूर्य मं. चं	बुध शनि	शुक्र बुध	मित्र
बुध	बृ. शु. श. मं.	शुक्र शनि	म. श. सूर्य	शनि	मंगल बृहस्प.	बृहस्पति	सम
शुक्र शनि	०	बुध	चंद्रमा	शुक्र बुध	सूर्य चं	सू. चं. मंगल	शत्रु

प्रोक्ते दुष्टभकूटके परिणयस्त्वेकाधिपत्ये शुभोऽथाऽराशीश्वरसौहृदेऽपि गदितो नाडयृक्षशुद्धिर्यदि । अन्यर्क्षेशपयोर्बलित्वसखिते नाडयृक्षशुद्धौ तथा ताराशुद्धिवशेन राशिवशताभावे निरुक्तो बुधैः ॥ २० ॥

भा० टी०—दुष्टभकूटमेंभी विवाह शुभ होता है यदि दोनों राशिका स्वामी एक हो अथवा दोनोंकी आपसमें मैत्री होय ॥ २० ॥

कार्मुकतौलिककन्यायुग्मलवे झषगे वा । यर्हि भवेदुपयामस्तर्हि सती खलु कन्या ॥ २१ ॥

व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चंद्रखला न शस्ताः । लग्नेट् कविग्लौश्च रिपौ मृतौ ग्लौलग्नेट्शुभाराश्च मदे च सर्वे ॥ २२ ॥

व्यायाष्टषट्सु रविकेतुतमोर्कपुत्रास्त्र्यायारिगः

क्षितिसुतो द्विगुणायगाब्जः। सप्तव्ययाष्टरहितौ ज्ञगुरू सिताष्टत्रिद्यूनषड्व्ययग्रहान्परिहृत्य शस्तः॥ २३॥ त्याज्यालग्नेऽव्धयां मन्दात् षष्ठे शुक्रेंदुलग्नपाः। रन्ध्रे चंद्रादयः पंच सर्वेऽस्तेऽब्जगुरू समौ॥ २४॥

भा० टी०–धन, तुला, कन्या, मिथुन, मीन इन लग्नोंमें वा इन नवमांशमें विवाह होवे तो कन्या सती होती है। और चरलग्नका नवांश न होवे तुला मकरमें चंद्रमा होवे तब चरलग्नभी शुभ है और लग्नसे द्वादश १२ स्थानमें शनि, दशमें १० मंगल, तृतीय ३ शुक्र, लग्नमें १ चंद्रमा, मंगल शनि सूर्य शुभ नहीं होते हैं। षष्ठ ६ स्थानमें लग्नेश शुक्र चंद्रमा शुभ नहीं और अष्टम ८ स्थानमें, चंद्रमा, लग्नेश, बुध, बृहस्पति, शुक्र, मंगल शुभ नहीं हैं। और सप्तम ७ स्थानमें संपूर्ण ग्रह शुभ नहीं होते हैं। अन्यच्च तृतीय ३ एकादश ११ अष्टम ८ षष्ठ ६ स्थानमें सूर्य: केतु, राहु, शनि श्रेष्ठ हैं और तृतीय ३ एकादश ११ षष्ठ ६ स्थानमें मंगल शुभ है और द्वितीय २, तृतीय ३, एकादश ११ स्थानमें चंद्रमा शुभ है। ७। १२। ८। ३। ६ इन स्थानके विना और स्थानमें बुध, गुरु, शुक्र शुभ हैं। अन्यच्च। लग्नमें शनि, सूर्य, चंद्र, मंगल यह न होय और षष्ठ स्थानमें शुक्र, चंद्रमा लग्नेश न होय और अष्टम स्थानमें चंद्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र न होय। सप्तम स्थानमें कोईभी ग्रह न होय अर्थात् शुद्ध होवे तो शुभ है।

कई आचार्य सप्तम स्थानमें चंद्रमा, बृहस्पतिको सम कहते हैं ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥ २४ ॥

कर्तरीदोषमाह ।

लग्नात्पापावृजुनृजू रिष्फार्थस्थौ यदा तदा ।
कर्तरी नाम सा ज्ञेया मृत्युदारिद्र्यशोकदा ॥ २५ ॥

भा० टी०—लग्नसे द्वितीयस्थानमें वक्री ग्रह और द्वादश १२ स्थानमें मार्गी ग्रह होय तो कर्तरीदोष होता है शुभ नहीं ॥ २५ ॥

पुष्टिमाह ।

त्रिकोणे केन्द्रे वा मदनरहिते दोषशतकं हरे-
त्सौम्यः शुक्रो द्विगुणमपि लक्षं सुरगुरुः ।
भवेदाये केन्द्रेऽगप उत लवेशो यदि तदा
समूहं दोषाणां दहन इव तूलं शमयति ॥ २६ ॥

भा० टी०—विवाहलग्नसे नवम, पंचम, प्रथम, चतुर्थ, दशम यदि बुध होय तो शत १०० दोषका नाश करता है । यदि शुक्र होय तो द्विगुणशत २०० दोषका नाश करता है, बृहस्पति जो होय तो लक्ष १००००० दोषका नाश करता है । यदि एकादश ११ चतुर्थ सप्तम, लग्न दशम स्थानमें यदि लग्नेश ऊन नवमांशेश होय तो दोषोंके समूहका, जैसे अग्नि तूलके पुंजको क्षणभरमें नाश करता है तद्वत नाश करता है ॥ २६ ॥

अथ संकीर्णजातीनां विवाहः ।

कृष्णे पक्षे सौरिकुजार्केऽपि च वारे वर्ज्ये
नक्षत्रे यदि वा स्यात्करपीडा । संकीर्णानां

तर्हि शतायुः खलु लाभः प्रीतिप्राप्तिः सा भवतीह स्थितिरेषा ॥ २७ ॥

भा० टी०—कृष्णपक्षमें, शनैश्चर, मंगल, सूर्यवारमें और विवाहमें वर्जित नक्षत्रोंमें यदि संकीर्ण शबर, किरात, निषाद, भिल्ल, पुलिंद, म्लेच्छ, यवन प्रभृतियोंका विवाह होय तो आयु, सुत, प्रीतिका लाभदायक होता है ॥ २७ ॥

अथ गोधूलीलग्नमाह ।

पिण्डीभूते दिनकृति हेमंतर्तौ स्यादर्धास्ते तपसमये गोधूलिः । सम्पूर्णास्ते जलधरमालाकाले त्रेधा योज्या सकलशुभे कार्यादौ ॥ २८ ॥

भा० टी०—जब नक्षत्रादि शुद्धि न होय तब गोधूलीसमय सर्व कार्यमें शुभ होता है । जैसे मार्गशिर, पौषमें जब पिंडाकार सूर्य होय तो गोधूलीसमय होता है (फाल्गुन माघमेंभी इसी प्रकार) और (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढमें) अर्द्ध सूर्य जब होय तब गोधूलीसमय होता है । और श्रावण भाद्रपद (आश्विन कार्तिकमें) संपूर्ण सूर्य अस्त होनेपर गोधूलीसमय होता है यह सर्व कार्यमें श्रेष्ठ है ॥ २८ ॥

अथ वधूप्रवेशः ।

समाद्रिपंचांगदिने विवाहात् वधूप्रवेशोऽष्टदिनांतराले । शुभः परस्ताद्विषमाब्दमासदिनेऽक्षवर्षात्परतो यथेष्टम् ॥ २९ ॥

भा० टी०—विवाहदिनसे २ । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ । ९ । १० । १२ । १४ । १६ दिनमें इसके ऊपर विषम वर्षमें वा मासमें विवाह दिनसे ५ पांच वर्ष उपरांत यथेच्छ प्रवेश करे ॥ २९ ॥

ध्रुवाक्षिप्रमृदुश्रोत्रवसुमूलमघानिले ।
वधूप्रवेशः सन्नेष्टो रिक्तारार्के बुधे परैः ॥ ३० ॥

भा० टी०—हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित्, उत्तरात्रय, रोहिणी, मृगशिर, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, मूल, मघा, स्वाती इन नक्षत्रोंमें वधूप्रवेश श्रेष्ठ है और चतुर्थी ४, नवमी ९, चतुर्दशी १४ यह तिथि न होय और मंगल, सूर्य, बुध इन वारोंके विना वधूप्रवेश शुभ है ॥ ३० ॥

अथ द्विरागमनमुहूर्त्तः ।

चरेद्‌थौजहायने घटालिमेषगे रवौ रवीज्य-
शुद्धियोगतः शुभग्रहस्य वासरे । नृयुग्ममी-
नकन्यकातुलावृषे विलग्नगे द्विरागमं लघु-
ध्रुवे चरेऽस्रपे मृदूडुभिः ॥ ३१ ॥

भा० टी०—विषम वर्ष विवाहकालसे वा विषम मास कुंभ वृश्चिक मेषगत सूर्य होय और मिथुन, कन्या, तुला, मीन, वृष यह लग्न होंय और सूर्य, बृहस्पति शुद्ध हो शुक्र, बृहस्पति, चंद्र, बुध इन दिनोंमें और हस्त, अश्विनी, पुष्य अभिजित्, उत्तरात्रय, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष, मूल, मृग, रेवती, चित्रा, अनुराधा इन नक्षत्रोंमें द्विरागमन शुभ होता है ॥ ३१ ॥

अथ शुक्रविचारमाह ।

दैत्येज्यो ह्यभिमुखदक्षिणे यदि स्याद्गच्छेयु-
र्नहि शिशुगर्भिणी नवोढा । बालश्चेद्व्रजति
विपद्यते नवोढा । चेद्वंध्या भवति च गर्भि-
णी त्वगर्भा ॥ ३२ ॥

भा० टी०-यदि शुक्रजी सम्मुख वा दक्षिण भागमें स्थित होय तो तब बालक गर्भिणी नवीन युवती यह तीन न जांय यदि बालक यात्रा करे तो मृत्युको प्राप्त होता है और यदि गर्भवती स्त्री जाय तो गर्भरहित होती है अर्थात् गर्भ स्रव जाता है और यदि नवीन युवती यात्रा करे तो वंध्या हो जाती है और यात्रामें वामांग पृष्ठमें शुक्र श्रेष्ठ होता है ॥ ३२ ॥

अथापवादमाह ।


नगरप्रवेशविषयाद्युपद्रवे करपीडने विबुध-
तीर्थयात्रयोः । नृपपीडने नववधूप्रवेशने
प्रतिभार्गवो भवति दोषकृन्नहि ॥ ३३ ॥
पित्र्ये गृहे चेत्कुचपुष्पसंभवः स्त्रीणां न दोषः
प्रतिशुक्रसंभवः । भृग्वंगिरोवत्सवसिष्ठक-
श्यपात्रीणां भरद्वाजमुनेः कुले तथा ॥ ३४ ॥

इति श्रीदैवज्ञाऽनंतरामसुतविरचिते मुहूर्त-
चिंतामणौ विवाहप्रकरणं समाप्तम् ॥ १ ॥

भा० टी०—अपने नगरमें एक गृहसे द्वितीयगृहमें प्रवेश करना होय अथवा देशभंग वा राजभंग होय और विवाहमें अर्थात् विवाहको मुख्य रख यात्रामें और देवयात्रा पंचकोशी आदि तीर्थयात्रा गंगादि और वधूके आगमनमें सम्मुख शुक्र दोषकारक नहीं होता प्रमाणभी जैसे बादरायणका " स्वभवनपुरप्रवेशे देशानां विभ्रमे तथोद्वाहे । नूतनवध्वागमने प्रतिशुक्रविचारणं नास्ति ॥ एकग्रामे पुरे वापि दुर्भिक्षे राजविप्लवे । विवाहे तीर्थयात्रायां प्रतिशुक्रो न दुष्यति ॥ " और कई आचार्य दीपमालाके अनंतर प्रतिपत्में आगमनसे शुक्रका सम्मुख दक्षिण दोष नहीं कहते । प्रमाण—" अस्तंगते गुरौ शुक्रे सिंहस्थे वा बृहस्पतौ । दीपोत्सवदिने चैव कन्या भर्तृगृहं विशेत् ॥ " यदि कन्याके पितृगृहमें कुच पुष्पका संभव हो अनंतर विवाह करनेसे शुक्रका दोष नहीं होता । प्रमाण चंडेश्वरका—" पित्र्यागारे कुचकुसुमयोः संभवो वा यदि स्यात्पत्युः शुद्धिर्न भवति सफला सेवितुं स्वामिसद्म । " और भृगु, अंगिरा, वत्स, वसिष्ठ, कश्यप, अत्रि और भरद्वाज इनके कुलमेंभी शुक्रकृत दोष नहीं होता ॥ ३३ ॥ ३४ ॥


इति श्रीगौतमगोत्र (शोरि) अन्वयालंकृत—श्रीदैवज्ञदुनिचन्द्रात्मजकपूरस्थलनिवासि—पण्डित—विष्णुदत्तवैदिकसंगृहीत—विवाहमुहूर्ततत्कृतटीकासमाप्तिमगात् । समाप्तमिदं प्रथमं प्रकरणम् ॥ १ ॥

अथ यथार्थ गृहचित्र.




अभावे यथाशक्त्या लग्नादिकं वीक्ष्य शुद्धगृहं विधेयमिति ॥


मंडपचित्र.



अथ तिलक नाम मण्डल चित्रम्.



अथ पंचाग्निकुण्डचित्रम्.



आहवनीयकुण्ड १ आवसथ्यकुं० २ सभ्यकुण्ड ३ गार्हपत्य कुण्ड ४ दक्षिणाग्निकुण्डमिति ५ ब्रह्मासनं यजमानासनम्.

अथपात्राणामाकृतयः ।


आज्यथाली १




चरुस्थाली २



प्रणीतापात्रं ३



पुरोडाशपात्रं ४



स्रुव ५



उपभृत्स्रुक् ६




ध्रुवास्रुक् ७




पुष्करस्रुक् ८



अग्निहोत्रहवनी ९




वैकङ्कतस्रुक् १०




उलूखलं ११ मुसलं १२ शूर्पम् १३






१४ शम्या १५ स्फ्यः शृतावदान १६ उपवेषः १७



कूर्च १८ १९ दृषत् २० उपल २१ षड्वर्त.








२२ अग्नि. २३ अरणि २४ उत्तरारणि २५ ओविली.







२६ प्रमन्थ. २७ नेत्रम्






२८ अंतर्धानकट २९ हविर्धानपात्री ३० प्राशित्रहरणं ३१ चमसा.










३२ इडापात्री ३३ यजमानासनं ३४ पत्न्यासनं ३५ होत्रासनं.


३६ ब्रह्मासनम् ३७ यजमानस्य पात्री.

३८ पत्नीपात्री. ३९ कृष्णाजिनम्.



अथ द्वितीयं प्रकरणम् ।

साधु भवानास्तामिति प्रजापतिर्ऋषिर्ब्रह्मा देवता यजुश्छंदो वरार्चने विनियोगः । ॐ साधुभवानास्तामर्चयिष्यामो भवंतमिति ब्रूयात् । ॐ अर्चयेति वरेणोक्ते वरोपवेश-नार्थे शुद्धमासनं दत्त्वा विष्टरमादाय ॐ विष्टरो विष्टरो विष्टर इत्यनेनोक्ते ॐ विष्टरः प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् । ॐ विष्टरं प्रतिगृह्णामीत्यभिदाय वरो विष्टरं गृहीत्वा ॥

भा० टी०—'साधुभवान्' इस मंत्रका प्रजापति ऋषि ब्रह्मा देवता यजु छंद वरके पूजनमें विनियोग है । विनियोग विना मंत्रोच्चारणमें दोष लिखते हैं—" विनियोगं विना मंत्रः पङ्के गौरिव सीदति । " इसलिये मंत्रोच्चारणके प्रथम विनियोग करना चाहिये इसका लक्षण जैसे " ऋषिच्छंदो देवता च कर्मणि विनियोजनम् । विनियोगः स आदिष्टो मंत्रे मंत्रे प्रयुज्यते ॥ " (मंत्रार्थ) आप साधु श्रेष्ठ वृत्तिवाले होवें हम तुमारेको पूजन करते हैं । पूजनीय षट् ६ पुरुष होते हैं जैसे पारस्करजी लिखते हैं—" षडर्घ्या भवन्त्याचार्य ऋत्विग्वैवाह्यो राजा प्रियः स्नातक इति, प्रतिसंवत्सरानर्हयेयुर्यक्ष्यमाणास्त्वृत्विजः " इति । याज्ञवल्क्यस्मृतिमें जैसे—" प्रतिसंवत्सरं त्वर्घ्याः स्नातकाऽऽचार्यपार्थिवाः । मित्रः प्रियो विवाह्यश्च यज्ञं प्रत्यार्त्विजः पुनः ॥ " अर्थात् स्नातक १ गुरु २ राजा ३ मित्र ४ वर ५ ऋत्विक् ६ ये पूज्य होते हैं । पूजन करें ऐसे वर कहनेके अनंतर बैठनेके लिये वरको शुद्ध आसन देकर विष्टरको हाथमें ले ' विष्टरो विष्टरो विष्टरः ' ऐसे कहकर विष्टर ग्रहण कीजिये यह दाता वरको कहै । विष्टर ग्रहण करता हूं ऐसे वर कहे विष्टर हाथमें ले आगेका मंत्र पढे । विष्टरका लक्षण लिखते हैं—" पंचाशता भवेद्ब्रह्मा तदर्धेन तु विष्टरः । ऊर्ध्वकेशो भवेद्ब्रह्मा लम्बकेशस्तु विष्टरः ॥ दक्षिणावर्तको ब्रह्मा वामावर्तस्तु विष्टरः । विष्टरं सर्वयज्ञेषु लक्षणं परिकीर्तितम् ॥ "

वर्ष्मोऽस्मीत्याथर्वणऋषिर्विष्टरो देवताऽनुष्टुप्छंदः

उपवेशने विनियोगः ॥ ॐ वर्ष्मोऽस्मि समानाना- मुद्यतामिवसूर्यः । इमंतमभितिष्ठामियोमाकश्चाभि- दासति ॥ इत्यनेन आसने उत्तराग्रविष्टरोपरि वर उपविशति ॥

भा० टी०—(वर्ष्मोऽस्मि) इस मंत्रका अथर्वण ऋषि अनुष्टुप् छन्द विष्टर देवता वरके बैठनेमें विनियोग है । (मंत्रार्थ) जैसे नक्षत्रतारागणके मध्यसे सूर्य भगवान् श्रेष्ठ है । तद्वत् अपनी जातिमे हम श्रेष्ठ हैं जो मेरा तिरस्कार करनेके यत्न करता है उसको और इस विष्टरको पादमें रखकर स्थित है इस मंत्रसे उत्तराभिमुख विष्टरपर बैठ जावे ॥

ॐ पाद्यं पाद्यं पाद्यमित्यनेनोक्ते पाद्यं प्रति- गृह्यतामिति दाता वदेत् । पाद्यं प्रतिगृह्ण- मीत्याभिधाय वरः । ॐ विराजोदोहोसि विराजोदोहमशीयमयिमाद्यायै विराजोदोहः इति दक्षिणं चरणं प्रक्ष्याल्यानेनैव क्रमेण वामचरणप्रक्षालनम् ॥

भा० टी०—'पाद्यं पाद्यं पाद्यं' ऐसे अन्यपुरुषके कहनेके अनंतर पाद्यग्रहण कीजियो यह दाता कहे पश्चात् पाद्यको ग्रहण करता हूं यह वर कहे । 'विराजो दोहोसि' इस मंत्रका प्रजापति ऋषि अनुष्टुप् छन्द जलदेवता पादके प्रक्षालनमें विनियोग

है (मंत्रार्थ) हे जल ! तुम विशिष्टदीप्ति परमात्माका दोह नाम रसमारूप हो इसलिये हे जल ! आपको ग्रहण करते हैं किञ्च हे विराजोदोह अर्थात् मंत्रसंस्कृत जल मेरे चरणके प्रक्षालनके योग्य हो । मंत्रपाठसहित दक्षिणपाद धोवे अनंतर वामपाद धोवे । यहां मत्रके अंतमें विधान नहीं । और ब्राह्मणवरका प्रथम दक्षिणपाद प्रक्षालन करना (धोना) और क्षत्री वैश्योंका प्रथम वामचरण प्रक्षालन करनाचाहिये, प्रमाणगृह्यसूत्रे 'सव्यं पादं प्रक्षाल्य दक्षिणं प्रक्षालयति ब्राह्मणश्चेद्दक्षिणं प्रथमम्' औरभी " ब्राह्मणो दक्षिणं पादं पूर्वं प्रक्षालयेत सदा । क्षत्रादिः प्रथमं वाममिति धर्मानुशासनम् ॥ " यह पद्मपुराणमें लिखाहै॥

ततः पूर्ववद्विष्टरान्तरं गृहीत्वा चरणयोरधस्तात उत्तराग्रं वरः कुर्यात । ततो दूर्वाक्षतफलपुष्पचंदनयुतार्घपात्रं गृहीत्वा यजमानः ॥ ॐ अर्घ इत्यादिविष्णुर्ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दो विष्णुर्देवता अर्घदाने विनियोगः ॐ अर्घोऽर्घोऽर्घ इत्युक्तेऽन्येनार्घः प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् । ॐ अर्घं प्रतिगृह्णामीत्यभिधाय । वरो यजमानहस्तादर्घं गृहीत्वा । आपः स्थ इत्यादिमंत्रस्य सिन्धुद्वीपऋषिरनुष्टुप्छन्दोऽर्घोक्षतादिधारणे विनियोगः ॥

ॐ आपःस्थयुष्माभिः सर्वान्कामानवाप्नु-
वानिति शिरसि किञ्चिदक्षतादिकं धृत्वा ॥

भा० टी०-पूर्वोक्तवत् और विष्टरको उत्तराग्र चरणके नीचे रखकर इसके अनंतर दूर्वा (नवीन तृण) अक्षत तण्डुल चंदन पुष्पयुक्त यजमान अर्घपात्रको लेकर ॐ अर्घ इस मंत्रका विष्णु ऋषि त्रिष्टुप् छंद विष्णु देवता अर्घके दानमें विनियोग है। यथार्थ ज्ञान होनेसे उत्तम ज्ञान होता है इस-लिये विष्टर पाद्य अर्घ्य आचमनीय आदिका तीन तीन वार उच्चारण करना चाहिये प्रमाणभी गृह्यसूत्रमें लिखा है जैसे- " अन्यास्त्रिस्त्रिः प्राह विष्टरादीनि " अर्घ ३ हैं यजमानवाक्यके अनंतर अर्घको स्वीकार कर यजमानके हाथसे लेकर आपःस्थ इस मंत्रका सिंधुद्वीप ऋषि अनुष्टुप् छंद अर्घअक्षताधारणमें विनियोग है [मंत्रार्थ] हे जलदेवता! जिस हेतुसे तुम अमृत दुग्ध दधि मधु फल पुष्प पत्र यव अन्नादि सर्ववस्तुमें व्याप्त है इसलिये तुमारे आश्रय हो हम संपूर्ण कामनाको प्राप्त होवें इस मंत्रसे किंचित् शिरमें अक्षत धारण करे ॥

समुद्रं वं इत्यादिमंत्रस्याथर्वणऋषिर्बृहती-
छन्दो वरुणो देवताऽर्घजलप्रवाहे विनियोगः
ॐसमुद्रं वःप्रहिणोमिस्वांयोनिमभिगच्छत।
अरिष्टास्माकं वीरामापरासेचिमत्पयः ॥
इत्यर्घपात्रस्थजलमैशान्यां त्यजन् पठेत् ।

तत आचमनीयमादाय यजमान आचमनीयमाचमनीयमाचमनीयमित्यन्येनोक्ते आचमनीयं प्रतिगृह्यतामिति दाता वदेत् ॥ आचमनीयं प्रतिगृह्णामीत्यभिधाय वरो यजमानहस्तादाचमनीयं गृहीत्वा ॥

भा० टी०–(समुद्रं व) इस मंत्रका अथवर्ण ऋषि बृहती छंद वरुण देवता अर्घजलके गेरनेमें विनियुक्त है (मंत्रार्थ) हे जलदेवता ! सिद्ध किया अर्थ जिन्होंने ऐसे तुमको समुद्रमें प्राप्त करता हूं ! अर्थात् कारणताको प्राप्त करता हूं इसलिये मेरे कर प्रेरित तुम (स्वां योनिं) अर्थात् समुद्रको प्राप्त होवे किञ्च तुमारे प्रसन्नतासे हमारे भाई शूरवीर और हमारे पुत्र (अरिष्टा) अर्थात् आरोग्य रहें और मेरी पूजाके योग्य जल मत नष्ट हो अर्थात् सदा रहे और मैंभी पूजाको प्राप्त होवे । इस मंत्रको ईशानदिशामें जलको त्यागन करता जलको पढे इसके अनन्तर आचमनीयको यजमान लेकर आचमनीय इस मंत्रका आपस्तम्ब ऋषि उष्णिक् छंद जल देवता आचमनीयके देनेमें विनियोग है । यह आचमनीय है ३ ऐसे अन्य पुरुषके वचनसे आचमनीय ग्रहण करो यह दाता वरको कहे । पश्चात् वर आचमनीय ग्रहण करता हूं यह कहकर यजमानके हाथसे आचमनीय लेकर ॥

आमागन्निति परमेष्ठी ऋषिर्बृहती छन्द आपो

देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ॥ ॐ आमागन्यशसास२ँसृजवर्च्चसातम्माकुरुप्रियं प्रजानामधिपतिंपशूनामरिष्टंतनूनां ॥ इत्यनेन सकृदाचामेत् द्विस्तूष्णीं आचामेत्। ततो यजमानःकांस्यपात्रस्थदधिमधुघृतानि समादायान्येन कांस्यपात्रेण पिधाय कराभ्यामादाय। मधुपर्कोति मधुच्छन्द ऋषिर्बृहती छन्दो मधुभुक् देवता मधुपर्कदाने विनियोगः ॥ ॐ मधुपर्को मधुपर्को मधुपर्क इत्यनेनोक्ते ॐ मधुपर्कः प्रतिगृह्यतामिति वदेत् ॐ मधुपर्कं प्रतिगृह्णामीत्यभिधायैव वरः। ॐ मित्रस्येति प्रजापतिर्ऋषिः पंक्तिच्छन्दो मित्रो देवता मधुपर्कदर्शने विनियोगः ॥ ॐ मित्रस्यत्वा चक्षुषा प्रतीक्ष्य इति दातृकरस्थमेव मधुपर्कं निरीक्ष्य देवस्यत्वेति ब्रह्माऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता मधुपर्कग्रहणे विनियोगः ॥

ॐ देवस्यंत्वासवितुःप्रंसुवेऽश्विनोर्ब्बा

तुभ्यम्पूष्णो हस्ताभ्यां प्रतिगृह्णामि। इत्यभिधाय वरो मधुपर्कं गृहीत्वा वामहस्ते कृत्वा ॥

भा० टी०—आमागन् इस मंत्रका परमेष्ठी ऋषि बृहती छंद जल देवता जलके स्पर्शन करनेमें विनियोग है। (मंत्रार्थ) हे वरुणदेव! तुमारे आश्रित मुझको आप यशस्वी अर्थात् यशसंयुक्त करो किञ्च ब्रह्मतेजसे युक्त करो अर्थात् क्षत्री वैश्यकोभी स्वतेजसे युक्त करो। और महात्मापुरुषोंकी मित्रतासे तथा पशुओंका मालिक और सुखी करो इस मंत्रसे वर एक आचमन करे फिर दो चुपचाप (तूष्णींसे) आचमन करे अनंतर यजमान कांस्यपात्रमें दधि मधु घृतको पाकर ऊपरसे अन्य कांस्यपात्रसे बंद कर हाथमें लेवे मधुपर्क इस मंत्रका मधुच्छंद ऋषि बृहती छंद मधुभुग्देवता मधुपर्कके देनेमें विनियोग है। मधुपर्कके बनानेमें पराशरजी लिखते हैं कि "सर्पिरेकगुणं प्रोक्तं शोधितं द्विगुणं मधु। मधुपर्कविधौ प्रोक्तं सर्पिषा च समं दधि॥" अर्थात् घृत एकगुणा शहत दो गुणा दधि एकगुणा होना चाहिये। मधुपर्क ग्रहण करे, अनंतर ग्रहण करता हूं यह वर यजमानसे कहे। मित्रस्य इस मंत्रका प्रजापति ऋषि पंक्ति छंद मित्र देवता मधुपर्कदर्शनमें विनियुक्त है। (मंत्रार्थ) हे मधुपर्क! तुमारेको मित्रदेवके नेत्रोंसे देखता हूं। इस मंत्रसे दाताके हाथमेंही स्थित

मधुपर्कको देखे । देवस्य त्वा इस मंत्रका ब्रह्मा ऋषि गायत्री छन्द सूर्य देवता मधुपर्कके ग्रहण करनेमें विनियुक्त है । (मन्त्रार्थ) हे मधुपर्क ! सवितानाम देवताकी आज्ञासे हम तुमारेको अश्विनीकुमारकी बाहु तथा पूष्णः अर्थात् सूर्यदेवके हाथोंसे ग्रहण करते हैं । आशय यह है कि सूर्यदेवकी कृपासे अश्विनीकुमारने दिया है बल जिनको ऐसे बाहुओंसे तद्वत् सूर्यके हाथोंसे ग्रहण करता हूं । इस मंत्रको पढकर वर मधुपर्क ग्रहण कर वाम हाथमें रखकर ॥

ॐनमः श्यावेति प्रजापतिर्ऋषिर्गायत्रीछन्दः सविता देवता मधुपर्कालोडने विनियोगः ॥ ॐ नमः श्यावास्यायान्नशनेयत्तआविद्धं तत्तेनिष्कृन्तामीति अनामिकयात्रिः प्रदक्षिणमालोड्य अनामिकाङ्गुष्ठाभ्यां भूमौ किञ्चिन्निक्षिप्य पुनस्तथैव द्विः प्रत्येकं निक्षिपेत् । तत आचारान्मधुपर्कं किञ्चित्कन्यायै द्रष्टुं दद्यात् ॥ ॐयन्मधुन इत्यस्य कौत्सऋषिर्जगतीछन्दः मधुपर्को देवता मधुपर्कप्राशने विनियोगः ॥ ॐयन्मधुनो मधव्यंपरमꣳरूपमनाद्यं ॥ तेनाऽहंमधुनो मधव्येनपरमेणरूपेणान्नाद्येनपरमोमधव्यो-

आदोसानि ॥ २ इत्यनेन वारत्रयं मधुपर्क-प्राशनं प्रतिप्राशनान्ते चैतन्मंत्रपाठः ॥ ततो मधुपर्कशेषमसंचरे देशे धारयेत् ॥

भा० टी०—। नमःश्यावेति इस मंत्रका प्रजापति ऋषि गायत्री छंद सविता देवता मधुपर्कके आलोडनमें विनियोग है। (मन्त्रार्थ) हे जठराग्नि ! कपिश अर्थात् धूम्रवर्ण है जिसका और अन्नके पचानेवाले तुमको प्रणाम करते हैं और जो मैंने भोजनकालमें निषिद्ध पदार्थ भक्षण किया वह निकालता हूं। इस मंत्रको पढ अनामिकासे तीन वार प्रदक्षिणा क्रमसे आलोडन कर और अनामिका अंगुष्ठसे पृथिवीपर किंचित २ तीन बार मधुपर्क गेरे अनन्तर लोकाचारसे मधुपर्क किंचित् कन्याके लिये देखनेको भेजे। यन्मधुन इस मंत्रका कौत्स ऋषि जगती छंद मधुपर्क देवता प्राशन करनेमें विनियुक्त है। (मन्त्रार्थ। हे देवगणो ! जो मकरंदका परम उत्कृष्टरूप (अन्नाद्यं) अर्थात् अन्नादिवत् प्राणधारक तिसपर उत्कृष्ट अर्थात् शरीरमें व्याप्तसर्वरूपको प्राप्त हुए रसकरके मैं सबसे श्रेष्ठ मधुपर्कके योग्य अन्नके भोगनेवाला होगा। इस मंत्रको पढ तीन बार मधुपर्क प्राशन करे मंत्रपाठके अनंतर प्राशन करना। शेष रहा मधुपर्क शुद्धभूमि जिसपर पाद न आवे वहां गेर देवे। यह स्थान सूत्रकारके बहुत मत हैं कि शेष मधुपर्क जो पूर्व स्त्रीका पुत्र हो उसको देना वा पूर्वदिशा असंचर स्थानमें गेर देना वा संपूर्ण आप पीना अथवा शेष अपने विद्यार्थीको

देना यथा सूत्रं–" मधुमतीभिर्वा प्रत्यृचं पुत्रायान्तेवासिने उच्छिष्टं दद्यात्सर्वं वा प्राश्नीयात्प्राग्वासंचरे निनयेदिति॥"

ततस्त्रिराचामेद्वरः वाङ्म आस्ये ॥ अस्तु नसोर्मे प्राणोऽस्तु अक्ष्णोर्मे चक्षुरस्तु कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु बाह्वोर्मे बलमस्तु ऊर्वोर्मे ओजोऽस्तु अरिष्टानि मेऽङ्गानि तनूस्तन्वा मे सन्तु ॥ इति प्रत्येकं सर्वगात्राणि संस्पृशेत् ॥

भा०टी०–सजल हाथसे अंगन्यास करे ।(मंत्रार्थ) वाक् (वाणी) देवता मेरे मुखमें हो और नासिकामें प्राण हो नेत्रोंमें चक्षुरिंद्रिय हो कर्णोंमें श्रोत्रेंद्रिय हो बाहुमें बल हो और ऊरुओंमें ओज हो तथा मेरे संपूर्ण अंग अरिष्ट अर्थात् आरोग्य हों । इस मंत्रसे एक २ अंगको क्रमसे स्पर्श करना । अब जैसे अंगुलीसे चाहिये वह क्रम लिखते हैं । कराग्र अंगुली तीन १, तर्जनी अंगुष्ठ २, मध्यमा अंगुष्ठ ३, अनामिकांगुष्ठ ४, अंगुष्ठकनिष्ठिका ५, सर्वांगुली निमीलन ६ यह क्रमपूर्वक रीति है ॥

ततो यजमानद्वारा गौर्गौर्गौरिति पाठः ॥ अत्र वरयजमानाभ्यां तृणच्छेदनमाचारो न तु विधिः ॥ अत एव पद्धतिषु ॥ ततो वरस्तृणं यजमानेन सह गृहीत्वाऽग्रिममंत्रं पठेत् ॥ माता रुद्राणामिति मंत्रस्य ब्रह्मा

ऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दः सौरिर्देवताऽभिमन्त्रणे विनियोगः ॥ ॐ माता रुद्राणां दुहिता वसूनाᳬ स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः ॥ प्रनुवोचं चिकितुषे जनाय मागामनागामदितिं वधिष्टममचाऽमुष्य च पाप्माहनः ॥ ॐ उत्सृजततृणान्यत्त्वित्युद्धृत्योत्सृजेत् इति ब्रूयात् ॥ उत्सृजेत्तृतामिति तृणं छिन्द्यादित्युत्सृजेत् त्यजेत् ॥

भा०टी०—तदनंतर यजमानद्वारा 'गौर्गौर्गौः' यह तीन बार कहाना यहां वर यजमानका तृणछेदन आचार है विधि नहीं इस लिये पद्धतियोंमें वर यजमानके साथ अग्रिम मंत्र पढे । मातारुद्राणां इस मंत्रका ब्रह्मा ऋषि त्रिष्टुप् छंद सौरि देवता अभिमंत्रणमें विनियोग है । (मंत्रार्थ) श्रीमहारुद्रजी नन्दिकेश्वर रूप कर ऋषियोंसे भयभीत हुए गौके गर्भद्वारा प्रकट भये इसलिये रुद्रोंकी माता है । देवदानवोंको समुद्रमंथनसे श्रांत हुए देखकर विष्णुने समुद्रमंथनद्वारा उत्पन्न की । इसलिये विष्णु और विष्णुके अंश होनेसे वसुओंकी पुत्री है । इसलिये वैष्णवी सुरभी माता यह कहते हैं और नारायणके पुत्र होनेसे आदित्यनाम देवोंकी भगिनी है " नारायणाद्द्वादशादित्याः " इति श्रुतेः । अमृत दुग्धकी नाभी अर्थात् उत्पत्ति स्थान है । और मेरे कर अवश्य गौ है परंतु मेरे और यजमानके पापही

नष्ट हो हिंसा करनेमें प्रायश्चित्त लिखा है । " ब्राह्मणं गां तथा कन्यां हन्यादज्ञानतोऽपि यः । निरये मुच्यते तावद्याव-दिन्द्राश्चतुर्दश ॥ " इसलिये त्याग देनी चाहिये । ॐ मनमें कहकर " उत्सृजत तृणान्यत्तु " यह ऊंचे स्वरसे कहे शंका करते हैं कि गवालम्भभी गौणपक्ष है तो कैसी व्यवस्था चाहिये । इसपर उत्तर, कि गवालम्भनको अस्वर्ग्य और लोक विरुद्ध होनेमें यह वार्ता नाममात्र कहनेसेभी प्रायश्चित्ती होनेसे निषेध है । प्रमाण याज्ञवल्क्य स्मृति अ० १" अस्वर्ग्यं लोक-विद्विष्टं धर्ममप्याचरेन्न तु । " अर्थ-अंतमें दुःखदायक और लोकविरुद्ध धर्मकोभी न करे और यह महापातक है जैसे मनुजी लिखते हैं-" न परं पातकं घोरं कलौ गोहत्यया समम् । " नाममात्रसे प्रायश्चित्त पाराशरजी कहते हैं " कलौ वाङ्मात्रगोमेधो निरयं प्राप्नुयान्नरम् । पितृभिः सह धर्मात्मा नैव कुर्याद्‌नश्वतम् ॥ " और कलियुगमें यह वर्जित है । " गोमेधो नरमेधश्च विवाह गोवधस्तथा । परक्षेत्रे सुतोत्पत्तिः कलावेतानि वर्जयेत् ॥ " इसलिये गौको त्याग दो यह तृणको भक्षण करे और हमारेको पुष्टि हो ॥

ततोवेदिकायांतुषकेशशर्करा भस्मादिरहि-तां चतुरस्रभूमिं कुशैःपरिसमुह्य तानैशान्यां परित्यज्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्फ्येन-स्रुवेण वा प्रागग्रप्रादेशमितमुत्तरोत्तरक्रमेण

त्रिरुल्लिख्योल्लेखनक्रमेणाऽनामिकांगुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य जलेनाभ्युक्ष्य तत्र तूष्णीं कांस्यपात्रस्थं विहितं वह्निं प्राङ्मुखः प्रत्यङ्मुखमुपसमाधाय तद्रक्षार्थं कांश्चिन्नियुज्य कौतुकागाद्वरः कन्यामानीय मण्डप उपवेश्य अथैनां वासः परिधापयति ॥

भा० टी०—गोरुत्सर्गानन्तर कुशकण्डिका लिखते हैं । तृण केश शर्करा (रेत) भस्मादि निषिद्ध वस्तुसे रहित चारों कोणसे हस्तपरिमाण वेदी बना उसको सवत्सा गौके गोबरसे लेपन कर खड्ग वा स्रुवेसे पूर्वाभिमुख प्रादेश मात्र दक्षिणसे उत्तरकी तरफ तीन वार लिख और रेखा क्रमसे तीन बार अनामिका अंगुष्ठसे मृत्तिका निकाल शुद्ध जलसे अभ्युक्षण कर अनंतर कांस्यपात्रमें अग्नि रखकर ऊपरसे ढक कर तूष्णीं हो प्रत्यङ्मुख बैठ प्राङ्मुख अग्निस्थापन कर उसकी रक्षाके लिये सामिधा रखे । और कौतुकागारसे वर कन्याको लेकर मण्डपमें बैठाय कन्याको वस्त्र पहनावे आगेके मंत्रसे ॥

ॐ जरांगच्छेति मंत्रस्य प्रजापतिर्ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दस्त्वंतवो देवता वस्त्रपरिधाने विनियोगः ॥ ॐ जरां गच्छ परिधत्स्व वासो भवा कृष्टीनामभिशस्ति पावा शतंचजीवशरदः सुवर्चारयिंश्चपुत्राननुसंव्ययस्वायुष्मतीदं प-

रिधत्स्ववासः ॥ इति मंत्रेण परिधानवस्त्रं परिधापयेत् वरः । अथोत्तरीयं वासः समादाय वरोऽग्रिममंत्रेण परिधापयेत् । याऽअकृन्तन्नवयन्याअतन्वतयाश्च देवीइ-त्यादिमंत्रस्य प्रजापतिर्ऋषिर्जगतीछंदोवि-श्वाद्यो देवतावस्त्रधारणेविनियोगः ॥ ॐ याअकृन्तन्नवयन्याअतन्वतयाश्च देव्यस्त-न्तूनभितस्ततंथ । तास्त्वादेवीर्जरसेसंव्यय-स्वायुष्मतीदंपरिधत्स्ववासः ॥ इति मंत्रेण अहतवासो धौतं वा सौत्रंणाच्छादयीनेति श्रुत्यनुसारेण वरोऽप्येतादृशवाससी अत्र परिधत्ते परिधास्यै इत्यादिमंत्राभ्याम् ॥

भा० टी०-[जरां गच्छ] इस मंत्रका प्रजापति ऋषि त्रिष्टुप छन्द तन्तु देवता वस्त्रके पहनानेमें विनियुक्त है (मंत्रार्थ) हे आयुष्मति अर्थात् संपूर्णायुयुक्त ! तुम हमारे साथ निर्दोष जरा अर्थात् बुढापनको प्राप्त हो और मेरे मनको अच्छी प्रतीत होनेवाली हो और क्रूरता कपटताको त्याग श्वशुरादि संबंधियोंसे संकुचित होकर सौम्यस्वभाववाली हो वा स्त्रियोंके मध्यमें तुम श्रेष्ठ हो। और शतवर्ष अर्थात् पूर्णायुपर्यन्त मेरे साथ प्राण धारण करो यह पूर्वोक्तमे जानना चाहिये । और

पतिव्रता हो श्रमसे बडे तेजवाली होकर धन और पुत्रोंको प्राप्त हो । यह मेरे करके दिया हुआ वस्त्र धारण कर । यहां परिधत्स्वपद प्रथम आशंसामें दूसरा प्रेरणामें होनेसे पुनरुक्ति दोष नहीं । इस मंत्रसे वर कन्याको अधोवस्त्र पहनावे या अकृन्तन्न इस मंत्रका प्रजापति ऋषि जगती छंद विधात्री देवता वस्त्रके धारणमें विनियुक्त है । । मंत्रार्थ । जो देवी इस वस्त्रको कातती भई और जो वयाति अर्थात बुनती भई और जो २ देवी सूत्रको तनुती भई तुरी वेमादिसे उस २ माम व्यके देनेवाली देवीलोग निर्दोष दीर्घकाल जीवनके लिये तुमनंको वस्त्र पहनाती है । इस हेतुसे हे आयुष्मति ! इस वस्त्रको उत्तरीय होनेसे धारण करो । इस मंत्रसे नवीन वस्त्र आप धोया हुआ धारण करावे न कि रजकादिसे धौत होवे । इस श्रुति अनुसार वरभी अधोवस्त्र उत्तरीय वस्त्रको धारण करे परिधास्यै इत्यादि मंत्रोंसे ॥

परिधास्यै इत्यादिमंत्रस्याथर्वण ऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दः तन्तवो देवता वासःपरिधाने विनियोगः । ॐ परिधास्यैयशोधास्यैदीर्घायुत्त्वायजरदष्टिरस्मि । शतञ्चजीवामिशरदः पुरूचीरायस्पोषमभिसंव्ययिष्ये इति पठित्वा वरः परिधत्ते (अथोत्तरीयमाच्छादयतीति सूत्रं) ॐ यशसे इत्यादिमंत्रस्य प्रजापति-

ऋषिर्जगती छन्दो विधात्र्यो देवता वासो-
धारणे विनियोगः ॥ ॐ यशसामाद्यावापृ-
थिवीयशसेन्द्रायबृहस्पतिः यशो भगश्चमा-
विदद्यशोभाप्रतिपद्यतामिति पठित्वोत्तरीयं
परिधत्ते॥ततः कन्याया वरस्य च द्विराचमनम्॥

भा० टी०—[परिधास्यै] इस मंत्रका अथर्वण ऋषि त्रिष्टुप् छन्द तन्तु देवता वस्त्रके धारणमें विनियोग है। (मंत्रार्थ) हे वस्त्रदेवता ! तुमारेको अनेक श्रेष्ठ वस्त्र धारणके लिये तथा यशकीर्तिके लिये और निर्दुष्ट चिरकाल जीवनके लिये तुमारी कृपासे पूर्णायुके भोगनेवाला मैं बहुपुत्र धनादियुक्त धनके देनेवाले तुमको धारण करता हूं और तुमारे संबंधसे शतवर्ष जीवित रहा। इस मंत्रको पढकर अधोवस्त्र धारण करे। आगेके मंत्रसे उत्तरीय। जैसे यशसा इस मंत्रका प्रजापति ऋषि जगती छन्द विधात्री देवता वस्त्रधारणमें विनियोग है। (मंत्रार्थ) हे वस्त्रदेवता ! यशसे युक्त आकाश पृथिवी तथा यशयुक्त इंद्र बृहस्पति तद्वत् यशयुक्त सूर्य मुझको जाने और उन्हका सम्पादन किया यश मुझको प्राप्त हो इस मंत्रसे उत्तरीय धारण करे अनन्तर कन्याः और वरको दो वार आचमन करना चाहिये एक अधोवस्त्र धारण कर द्वितीय उत्तरीय धारण कर प्रमाण जैसे याज्ञवल्क्यस्मृति अध्याय १८। "आचान्तः पुनराचामेद्वासो विपरिधाय च।" अर्थ—आचमन किया हुआ फिर आचमन करे वस्त्रको धारण करकेभी इति॥

ततः कन्याप्रदेन परस्परं समञ्जेथामिति प्रेषितयोः परस्परं सम्मुखीकरणम् ॥ समञ्जन्त्विति मंत्रस्य अथर्वण ऋषिरनुष्टुप् छन्दो विश्वेदेवा देवता मैत्रीकरणे विनियोगः । ॐ समञ्जन्तु विश्वेदेवाःसमापोहृदयानिनौ॥ सम्मातरिश्वासंधातासमुदेष्ट्री दधातुनः ॥ इति वरः पठन् ॥ ततः कन्याप्रदकर्तृकग्रन्थिबन्धनम् ॥ हस्तलेपनं शाखोच्चारणम् ॥

भा० टी०—अनंतर यजमानद्वारा कन्यावरकी मैत्री करावें। समंजंतु इस मंत्रका अथर्वण ऋषि अनुष्टुप् छन्द विश्वेदेवा देवता मैत्री करनेमें विनियुक्त है । (मंत्रार्थ) हे कन्ये ! संपूर्ण देवता तथा शुद्ध जलसे तुम्हारे हमारे मनको गुणातिशय द्वारा संस्कार करे अर्थात् दुष्टवासनासे रहित शुद्ध करे तद्वत् अनुकूल प्रजापति और उपदेशके करनेवाली सावित्री (गायत्री) देवताभी हमारी तुम्हारी बुद्धि धर्म अर्थ काम मोक्षमें लगावे इस मंत्रको वर पढे । शंका करते हैं कि वरको कन्या इस शब्दसे कहना उचित नहीं कि उनकी जो पुरुष स्त्रीको माता का भगिनी वा कन्या कहे उसको प्रायश्चित्त करना लिखा है । उत्तर—यद्यपि तुमारा कथन सत्य है तथा इस कालपर्यंत और स्त्रियोंके समान यहभी कन्याही थी वरकाभी कुछ संबंध नहीं

था और वाग्दानके अनंतरभी कन्याही कही जाती है तथा प्रमाण "वरदानोचिता कन्या" फिर पाणिग्रहणके अनंतर यह वधूशब्दसे कही जावेगी " स्वसत्वनिवृत्तपरसत्वोपादानात् " इस न्यायसे हम प्रमाण सूत्रकारकाभी देते हैं—"सुमङ्गलीरियं वधूरिमा समेत पश्यत सौभाग्यमस्यै दत्त्वा याथास्तं विपरेत नेति" और नारदस्मृतिकाभी प्रमाण जैसे—"दशवर्षा भवेत्कन्या सम्प्रदाने वधूर्भवेत । सांगुष्ठग्रहणे भार्या पत्नी चातुर्थकर्मणि ॥" अनंतर यजमानद्वारा द्रव्य पुष्प अक्षतादि कन्याके वस्त्रमें रखकर बांध कन्याके वस्त्रको वरके वस्त्रसे बांधे जिसको लोक गठजोरन कहते हैं प्रमाणभी जैसे योगियाज्ञवल्क्यजीका "कन्यकामुदशे पार्श्वे द्रव्यपुष्पाक्षतानि च । निक्षिप्य नवीन संबध्वा वरवस्त्रेण संयुजेत् ॥ वस्त्रैः संयोज्य तौ पूर्वं कन्यादानं समाचरेत । दानेन युक्तयोः पश्चाद्दद्यात्पाणिपीडनम् ॥" इति । अनंतर कन्याके हाथोंमें उद्वर्तन (उबटना) लगाना ॥

दाता शंखस्थदूर्वाक्षतफलपुष्पचन्दनजलान्यादाय ॥ अथ कन्याप्रदः जामातृदक्षिणकरोपरिकन्यादक्षिणकरं निधाय ॥ दाताऽहं वरुणो राजा द्रव्यमादित्यदैवतम् ॥ विप्रोऽसौ विष्णुरूपेण प्रतिगृह्णात्वयं विधिः ॥ इति दाता पठेत् ॥ गोत्रोच्चारणं च कुर्यात् ॥ विप्रातिरिक्तपक्षे विप्रोऽसावित्यत्र वरोऽसा-

तानि पठेत् ॥ ॐ स्वस्तीति वचनमुक्त्वा द्यौस्त्वा ददातु पृथिवी त्वा प्रतिगृह्णात्विति मंत्रेण कन्याहस्तं वरः प्रतिगृह्णीयात् ॥ ततः कन्याप्रदः अद्य कृतैतत्कन्यादानयथोचितफलावाप्तये कन्यादानप्रतिष्ठार्थमिदं हिरण्यमग्निदैवतममुकगोत्रायाऽमुकशर्मणेब्राह्मणाय वराय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे इति दक्षिणां गोमिथुनं वा दद्यात् ॥ ततः स्वस्तीति वरः प्रतिब्रूयात् ॥

भा०टी०—वस्त्रग्रंथि बंधनके अनंतर कन्यादान लिखते हैं यजमान अंजलिमें दूर्वाक्षता फल पुष्प चंदन जल लेकर दाता वरके दक्षिण हाथपर कन्याका दक्षिण हाथ रखे पूर्वोक्त (मंत्रार्थ) ब्रह्मणरूप मैं यजमान और मेरे संकल्परूप यह द्रव्य विष्णुरूप वर यह विधि ग्रहण करे इस मंत्रको दाता पढे स्वस्ति हो ऐसे वर कहे । (मंत्रार्थ) आकाश तुमारेको देता है और पृथिवी ग्रहण करती है इस मंत्रसे कन्याका हाथ वर ग्रहण करे अनंतर आज किये कन्यादानकी शास्त्रविहित स्वर्गादि प्राप्तिके लिये यह सुवर्ण अग्निदेवसंबंधि अमुकशर्मादि वरको दक्षिणासे देता हूं वा गौ दो वत्ससहित देता हूं। इसके अनंतर तुमको कल्याण हो ऐसे वर कहे । और संकल्पकी विधि

बृहत्पाराशरजी लिखते हैं–"कन्यादानसमारकमें दाता अंजलिं समाददेत् । दूर्वाक्षतफलं पुष्पं चंदनं जलमेव च ॥" इत्यादि संपूर्ण विधानको विस्तृतके भयसे नहीं लिखते । और जगह संकल्पपूर्वकं कन्यादान लिखा हुआ है । स्वस्तीति इस स्थान आचारसे और संबंधी पुरुषभी सुवर्ण कर रजत ताम्र गौ महिषी ग्राम पृथिवी यौतुक होनेसे कन्याको यथाशक्ति देते हैं । कहीं होमके अनंतर कहीं २ वधू वरके विसर्जन अनंतर वस्त्रादि दान करते हैं। यह सब अपने २ देशाचारसे व्यवस्था जाननी जिस देशमें जैसे हो तैसेही करना इससे मुनियोंके मतभी बहुत लिखते हैं–"कन्याप्रदानं तु विधाय तानस्तद्दक्षिणां गोमिथुनं सुवर्णम् । दत्त्वा प्रदद्याद्धरणं वरार्थं वस्त्राणि पात्राणि विभूषणानि । तत्रैव देयानि बहुश्रुता जगुर्वाल्मीकिजाबालिपराशराद्याः । होमान्त आहुर्भृगुनारदाद्या विसर्जने व्यासमरीचिकौत्साः ॥" इत्यादि । और देशाचारमें प्रमाण–"ग्रामवचनं च कुर्युर्विवाहश्मशानयोर्ग्रामं प्राविशतादिति वचनात्तस्मात्तयोर्ग्रामप्रमाणम्" इति श्रुतेः । अर्थ–विवाहकी कर्तव्यतामें और श्मशान अर्थात् प्रेतक्रियामें ग्राममें प्रवेश कर ग्राम वचन करे इस श्रुतिसे अपने २ देशरीति और कुलरीति और ग्रामरीति परंतु जो धर्मविरुद्ध नहीं होवे उनको करे ॥

यजुर्वेद अध्याय ७ मूल मंत्र ४८ ।

ॐ कोऽदात्कस्मा॑ऽअदात्कामो॑ऽदात् का-

मायादात् ॥ कामोदाताकामं÷प्रतिगृही-
ताकामैतत्तें ॥ इति वरः पठेत् ॥

ततस्तां पाणौ गृहीत्वा। ॐ यदैषि मनसा दूरं दिशोनुपवमानो वा। हिरण्यपर्णोवैकर्णः। सत्वा मनमनसांकरोतु ॥ श्रीअमुकदेवी इति पठन्निष्कामती। ततो वेदिदक्षिणस्यां दिशि वारिपूर्णदृढकलशं ऊर्ध्वं तिष्ठतो मौनिनः पुरुषस्य स्कन्धे अभिषेकपर्यन्तं धारयेत्। ततः परस्परं समीक्षेथां इति कन्याप्रेषानंतरम् ॥

ॐ अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधिशिवापशुभ्यः÷सुमनाःसुवर्चाः÷ ॥ वीरसूर्देवकामास्योनाशन्नोभवद्विपदेशं चतुष्पदे ॥
सोमः प्रथमोविविदेगंधर्वोविविदउत्तरः।
तृतीयोअग्निष्टेपतिस्तुरीयस्तेमनुष्यजाः।

---

१ अघोरचक्षु यह मंत्र अथर्ववेद काण्ड १४ अनु० १ मंत्र १८ लिखा है।
२ यह मंत्र ऋग्वेद मण्डल १० सूक्त ८५ मंत्र ४० है।

सोमोददद्गन्धर्वायगन्धर्वोददद्ग्नये । रयिंचपुत्रांश्चादादग्निर्मह्यमथो इमाम् ॥ सानः पूषाशिवतमामेरयमानऊरूउशतीविहार । यस्यामुशन्तः प्रहरामशेपं यस्यामुकामाबहवोनिविष्ट्यै । इतिवरपठितमन्त्रान्ते परस्परंनिरीक्षणम् ॥

भा०टी०—[कोदातेति मंत्रार्थ] प्रश्न—कौन देता है ? उत्तर—काम अर्थात इच्छाही देती है । जिसमें कामही देता और कामही लेनेवाला इसलिये यह पत्नीप्रतिग्रह उस काम (संकल्प) के लिये है । सबसे बली है और धन्य है कि जो क्षत्रियादि दान मरणपर्यंतभी नहीं लेते अधिकारके न होनेसे यह उनकोभी दान महाकन्यारूपी देती है यह इच्छाकी स्तुतिपर मंत्र है । इस मंत्रको प्रथम वर पढे पीछेसे वधूका हस्तसे ग्रहण कर यदेषि इस मंत्रको पढे (मंत्रार्थ) प्राच्यादिसे लक्षित वायुकी नाईं तुमरेको पिता गृहसे दूर ले जाता है वह वायु और हिरण्यवर्ण सूर्य वैकर्ण अग्नि अर्थात् दिक्पालु सूर्य अग्न्यादि देव मुझमें लगा है हृदय जिसका ऐसी तुमको करे । इस मंत्रके अंतमें वर कन्याका नाम लेवे । ' आत्मनाम—गुरोर्नामे ' ति आगे नाम कभी न ग्रहण करे अनंतर

१ ऋग्वेद मं० १० सूक्त ८५ मन्त्र ३७ ।

दक्षिण दिशामें जलपूर्ण कलश स्कंध (कांधे) पर रखकर अभिषेकपर्यन्त दृढ पुरुष स्थित रहे उठकर तुम आपसमें देखे यह यजमान कहे । (मंत्रार्थ) हे कन्ये ! तुम सौम्यदृष्टिवाली हो और (अपतिघ्नी) अर्थात् पतिके अर्थके नाश करनेवाली मत हो इस विवाहसंस्कारके अनंतर पशुवत् जो आश्रित पुरुष उनमें हित करनेवाली हो और प्रसन्न चित्तवाली सुंदर प्रतापवाली सत्पुत्र और वीरपुत्रोंको पैदा करनेवाली देवकामा ' देवान् अग्न्यादीन् पूजार्थं कामयति इच्छतीति ' अर्थात् देवताओंमें तथा पितरोंमें श्रद्धावाली हो (स्योना) सुखी हमारेको कल्याण देनेवाली हो । सिद्धान्त यह है कि तुमारेसे हमको सर्वदा लाभ हो । (मंत्रार्थ कन्यास्तुतिका) हे कन्ये ! प्रथम रक्षा करनेवाला चंद्रमा जन्मदिनसे सार्द्धद्वय वर्ष अर्थात् (२॥) अढाई वर्षपर्यंत तुमारी पुष्टि करता हुआ तिसके अनंतर गंधर्व अर्थात् सूर्य पांच वर्षपर्यंत तुमारेको पढाता हुआ इस लिये सूर्य तुमारा दूसरा पति ' पाति रक्षतीति ' पति अर्थात् रक्षा करनेवाला अनन्तर पांच वर्षसे लेकर सात वर्षतक अग्नि तुमारेको शुद्धता सर्व काममें देता हुआ इससे अग्नि तीसरा पति रक्षा करनेवाला यथा प्रमाण जैसे " पूर्वं स्त्रियः सुरैर्भुक्ताः सोमगन्धर्ववह्निभिः । भुञ्जते मानुषाः पश्चात् नैता दुष्यन्ति कर्हिचित् ॥ " प्रपोष्याव्याप्य संशोध्य परित्यक्तां नरो व्रजेत् ॥ " अर्थ—जन्मदिनसे ले साढे सात वर्षमें अढाई (२॥) वर्ष क्रमसे सोम (चंद्रमा) सूर्य अग्निदेवने क्रमसे ' भुक्ताः ' रक्षा की । ' भुज पालनाभ्यवहारयोः ' इस धातुसे क्तप्रत्ययके आनेसे बहुवचनान्त होनेसे भुक्ता यह शब्द सिद्ध होता

है। और क्रममें पुष्ट कर तथा पढाकर और शुद्ध करके त्यागी हुई स्त्रियोंको नर भजते हैं अर्थात् सेवन करते हैं " भज सेवायां " इस धातुसे लिङ्लकारके आनेसे यासके स्थानमें इय तिप आदि आनेसे रूप भजेत् बनता है । इसलिये साढे सात वर्षके भीतर ज्योतिशास्त्रमें विवाह करनेका दोष लिखा है। [मंत्रार्थ] चंद्रमा ३० मासमें पुष्ट कर सूर्यको देता भया सूर्यभी ३० महीनेके अनन्तर दक्षता पांडित्यको देकर अग्निको समर्पण करता भया वह अग्निदेव इस स्त्रीको साथ पुत्रोंके धनके धर्मके शुद्ध कर मुझे देता है प्रमाणभी जैसे याज्ञवल्क्य-स्मृति अध्याय १ " सोमः शौचं ददावासां गन्धर्वश्च शुभां गिरम् । पावकः सर्वमेध्यत्वं मेध्या वै योषितः स्मृताः ॥ " इत्यादि अथ पूर्वोक्तही हैं इसलियेही सर्व स्त्रीको विना पढाये स्त्रियोंको ऐसी चातुर्यता होती है कि जो विद्वान् लोक हैं उनकीभी बुद्धि नष्ट कर अपने आधीन कर लेती है और नृत्यादि कलामें ऐसी कुशल होती कि जो नहीं कही जाती यह विना सूर्यके अंतःकरणमें उपदेश करनेके कैसे हो सक्ता है अब चन्द्रमाका कार्य देखे कि जो पुरुष गांधर्वविद्यामें दिनरात्र अभ्यास करते हैं वेही स्त्रीका स्वाभाविक राग श्रवण कर संकुचित हो जाते हैं तो कहिये वह किस गन्धर्वकी शिष्य बनकर शिक्षाको प्राप्त होती है इत्यादि बहुत गुण हैं जो पुरुषको जन्मभरमेंभी न आवें बुद्धिवान् पुरुष सर्व जानते हैं। इस अपनी तर्कके सिद्ध करनेके लिये शास्त्रके प्रमाण देते हैं—
"आहारो द्विगुणः स्त्रीणां बुद्धिस्तासां चतुर्गुणा। षड्गुणो व्यव-

सायश्च कामश्चाष्टगुणः स्मृतः ॥ स्त्रियश्चरित्रं पुरुषस्य भाग्यं देवो न जानाति कथं मनुष्यः॥ स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु संदृश्यते किमुत याः परिबोधवत्यः॥ प्रागंतरिक्षगमनात् स्वम-पन्यजातमन्यैर्द्विजैः परभृताः खलु पोषयन्ति ॥" अर्थ—दुष्यंत राजा कहता है कि विना शिक्षाके चातुर्यता जो पशु पक्षियोंकी स्त्री हैं उनमें देखते हैं जैसे कोकिल अपने पुत्रोंको कागादिसे पुष्ट करातो है तो हम मनुष्योंकी स्त्रीमें क्या कहे यह प्रसंग शकुंतलानाटकमें विस्तारमें है ॥

[मंत्रार्थ—मान इति] जगत्का चक्षु सूर्यदेव कल्याणयुक्त इसको हमारेमें अनुरक्त करे । यह स्त्री हमारेमें सुख और पुत्रोंको इच्छा करती भई ऊरु अर्थात् जंघाको पसारे और हम स्त्रीकी योनिमें सुख और पुत्रोंकी इच्छा करते भये शेप अर्थात् लिंगको प्रवेशन करे । जिसमें धर्म पुत्र रतिसुखादिरूप बहुत गुण होते हैं (निविष्ट्यै) अर्थात् अग्निहोत्रादि कर्मद्वारा अंतःकरण शुद्ध होनेसे मुक्तिके लिये । भाव यह है कि धर्म अर्थ काम मोक्षका साधन पतिव्रता स्त्री है । प्रमाण याज्ञवल्क्य-स्मृति अ० १ " लोकानंत्यं दिवः प्राप्तिः पुत्रपौत्रप्रपौत्रकैः । यस्मात्तस्मात्स्त्रियः सेव्याः कर्तव्याश्च सुरक्षिताः ॥ " इति ॥

विशेपद्रष्टव्य—जिनको अर्थमें कुछ भ्रांति हो वह ऋग्वेदके चिह्नसे भाष्य देखे और सूत्र ब्राह्मण मिलावे तो उनका हमारे पर अत्युपकार होगा और " दशास्यां पुत्रानाधेहि पतिमेका-दशं कृधि " इनकोभी देखे तो अच्छाही है अन्यथा हम गप्पा-ष्टक नहीं मानते और विस्तारके भयसे बहुत लिखते नहीं ॥

क्षेपक ऋग्वेद मंडल १० सू० ८५ मंत्र २५ ।

इमांत्वमिन्द्रमीढ्ः सुपुत्रां सुभगांकृणु ।
दशास्यांपुत्रानाधेहिपतिमेकादशंकृधि ॥

भा० टी–हे परमेश्वर ! इसकी सौभाग्य युक्त पुत्रोंके साथ वृद्धि करे और इसमें दश पुत्र उत्पन्न हो उनको और १० पुत्रोंके सहित ११ वें पतिकी धनादिसे वृद्धि करो। इस अर्थमें जिनको संदेह पडे वह ऊपर लिखित चिह्नसे ऋग्वेदमें देखे ॥

ततोऽग्निं प्रदक्षिणीकृत्य पश्चादग्नेरहतवस्त्रवेष्टितं तृणपूलकं कटं वा निवेश्य तदुपरि दक्षिणचरणं दत्त्वा वधूं दक्षिणतः कृत्वा तामुपवेश्य पुष्पचंदनताम्बूलान्यादाय ॐ तत्सदद्यकर्तव्यविवाहहोमकर्मणि कृताऽकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्मकर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंदनताम्बूलवासोभिः ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे इति ब्रह्माणं वृणुयात् । वृतोऽस्मीति प्रतिवचनं। यथाविहितं कर्म्म कुर्विति वरेणोक्ते करवाणीति ब्रह्मा ब्रूयात् । ततो वरोऽग्नेर्दक्षिणतः ब्रह्माणमग्निप्रदक्षिणक्रमेणानीय तत्र

त्वं मे ब्रह्मा भवेत्यभिधाय कल्पितासने-समुपवेशयेत् ॥

भा० टी०—परस्पर निरीक्षणके अनंतर अग्निको प्रदक्षिणा कर अग्निके पश्चिम भागमें अहत (अदग्ध) वस्त्र वेष्टन कर तृणपूलक वा कट (सक) रखकर उसके ऊपर दक्षिण पाद देकर अर्थात् उल्लंघन न कर वधूको दक्षिण भागमें लेकर उसका वाम पाद रखकर बिठाय पुष्प चंदन तांबूल (पान) हाथमें ले आज कर्तव्यविवाहके होमकर्ममें कर्मकी शुद्धि अशुद्धिकी परीक्षा इत्यादि ब्रह्माका जो कर्म उसके लिये अमुक गोत्र अमुक ब्राह्मण ब्रह्मा समझकर आपको वरण करता हूं । हमने वर्णी ली यह ब्रह्मा कहे । तुम यथावत् कर्म करो ऐसे वरंकथनके अनन्तर करता हूं ऐसे ब्रह्माजी कहे अनंतर अग्निप्रदक्षिणक्रमसे ब्रह्माको ले जाय तुम कर्मसाक्षी मेरा ब्रह्मा हो ऐसे कह अग्निसे दक्षिण भागमें आसनपर बिठलावे अर्थात् वरुणवृक्षके बने हुए काष्ठके पीठपर कुशा बिछाय पूर्वोत्तर क्रमसे उसपर कर्मके तत्वको जाननेवाले श्रेष्ठ ब्राह्मणको बैठावे यदि ऐसा न मिले तो पचास कुशोंका ब्रह्मा रचकर बिठावे ॥

ततः प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा वारिणा परिपूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्य अग्नेरुत्तरतः कुशोपरि निदध्यात् ॥ ततः

परिस्तरणं बर्हिषश्चतुर्थंभागमादाय आग्नेया-दीशानांतं ब्रह्मणोऽग्निपर्यंतं नैर्ऋत्याद्वायव्या-न्तमग्नितः प्रणीतापर्यन्तं ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमदिशि पवित्रच्छेदनार्थं कुशत्रयं पवित्र-करणार्थं साग्रमनंतगर्भकुशपत्रद्वयं प्रोक्षणी-पात्रं आज्यस्थालीसंमार्जनार्थं कुशत्रयं समि-धस्तिस्रः स्रुव आज्यं षट्पञ्चाशदुत्तरमु-ष्टिद्वयावच्छिन्नतण्डुलपूर्णपात्रं पूर्वपूर्वदिशि क्रमेणासादनीयम् ॥

भा० टी०—ब्रह्माजीकी वर्णोंके अनंतर प्रणीतापात्रको मुखके बराबर आगे कर जल पूर्ण कुशासे आच्छादन कर साक्षी होनेसे ब्रह्माजीको देख अग्निकी उत्तरकोणमें कुशापर स्थित कर दे । अनंतर कुशमुष्टिका चौथा भाग ले अग्निको-णसे ईशानकोणपर्यंत ब्रह्मासे अग्निपर्यन्त नैर्ऋतिकोणसे वायुकोणपर्यंत पूर्वाग्र उत्तराग्र कुशा बिछावे । अनंतर अग्निकी उत्तर तरफ पश्चिममें पवित्र छेदनके लिये तीन कुशा पवित्र करनेके लिये अग्रके साथ और मध्यपत्रसे रहित दो कुशपत्र प्रोक्षणीपात्र आज्यस्थाली संमार्जनके लिये तीन कुशा उपयमनके लिये वेणीरूप तीन कुशा तीन समिधा स्रुवा घृत पुष्ट ब्राह्मण तृप्तिकारक वा २५६ मुष्टिप्रमाण तंडुलपूर्ण-

पात्र आगे २ पूर्वदिशामें क्रमसे रखने चाहिये । नीचे लिखे लक्षण पात्रोंके सर्व जानने ॥

१ प्रणीताका लक्षण.

वरणवृक्षका १२ अंगुल दीर्घ ४ अंगुल विस्तार और खोदा हुआ प्रणीतापात्र होता है ॥

२ प्रोक्षणीपात्रका लक्षण.

देवलोक॰प्रणीता नैर्ऋते भागे तद्वायव्यगोचरे । वारणं संविजानीयात्सर्वकर्मसु कारयेत् ॥ सर्वसंशोधनार्थोदपात्रं वारणमिष्यते ॥ द्वादशाङ्गुलिदीर्घं च करतलोन्मितखातकम् ॥ पद्मपत्रसमाकारं मुकुलाकारमेव वा ॥

३ आज्यस्थालीका लक्षण.

तैजसी मृण्मयी वापि आज्यस्थाली प्रकीर्तिता । द्वादशाङ्गुलविस्तीर्णा प्रादेशोच्चा प्रमाणतः ॥

४ चरुस्थालीका लक्षण.

चरुस्थाली तथैवापि दीर्घोच्चा तु प्रमाणतः । नानयोरन्तरं यस्माद् द्रव्यसंस्कारणार्थक इति ॥

५ संमार्जनकुशोंका प्रमाण.

स्रुवसम्मार्जनार्थन्तु कुशत्रयमुदीरितम् । इति व्यासस्मृतौ ॥

६ उपयमनकुशोंका प्रमाण.

उपयमनार्थमाख्यातास्त्रिषण्णवमिताः कुशाः।
वेणीरूपानिरोधार्थां निरोधे बहुभिः सुखम् ॥
इति भृगुवचनात् ॥

७ समिधा ३ में प्रमाण.

पालाशजं प्रादेशमात्रं दैर्घ्येण स्थूलता कनिष्ठिकासमं ध्यात्वा विधिमग्नौ क्षिपेच्च तन् इति पराशरः ॥

८ स्रुव वा ब्रह्महस्तलक्षण.

स्रुवस्तु ब्रह्महस्ताख्यः स्कन्धान्तो बाहुरुच्यते । स्वाहाकारस्वधाकारवषट्कारसमन्वितः॥दण्डाकारो भवेन्मूले स्यादरत्न्यां तु तत्समः । सकङ्कणस्तु दण्डाग्रे हस्ताकारस्ततो बहिः ॥ अष्टाङ्गुलिपरीमाणं मूलाभ्यंतरतस्त्यजेत्॥दशाङ्गुलिपरीमाणं मूलाभ्यंतरतस्त्यजेत् ॥ दशांगुलिपरीमाणमारभ्याकङ्कणावधि । हस्तमात्रं भवेद्धस्तः स्रुव इत्याभिधीयते ॥ खादिरः शैंशिपो वापि

श्चान्यो वा पुण्यवृक्षजः । धावकोऽपि समा-
ख्यातो होमार्थं मुनिभिः कृतः ॥ इति
कात्यायनः ॥

९. घृतलक्षण.

तथा च स्मृतिः । गव्यमाज्यं जुहुयात् तदभावे
माहिषं स्मृतम् ॥ तथा च श्रुतिः । गव्य-
माज्यं जुहुयात्तदभावे माहिषेयमिति ॥

१० चरुलक्षण.

व्रीहितंदुलसंसिद्धो मुख्यः प्रोक्तः सुरर्षिभिः ।
इत्याचारचंद्रोदये ॥

११ पर्यग्निके लक्षणमें श्रुति.

पर्यग्निं कुर्वन् ज्वलदुल्मुकमादाय प्रदक्षिण-
माज्यचर्वोः समंताद् भ्रामयेत् इति ॥

१२ समिधालक्षण.

पलाशखदिराश्वत्थशम्युदुम्बरजा समित् ।
अपामार्गकदूर्वाग्निं कुशाश्चेत्यपरे विदुः ॥
सत्वचः समिधः स्थाप्या ऋजुश्लक्ष्णाः समा-
स्तथा । शस्ता दशाङ्गुलास्तास्तु द्वादशा-
ङ्गुलिकास्तु ताः ॥ आर्द्राः पक्काः समच्छे-

दास्तर्जन्यंगुलिवर्तुलाः । अपाटिताश्च विविस्ताः क्रमिदोषविवर्जिताः ॥ ईदृशीं होमयेत्प्राज्ञाः प्राप्नोति विपुलां श्रियम् ॥ इति व्यासकात्यायनवसिष्ठगौतमभरद्वाजाः ॥

अथ तस्यामेव दिशि असाधारणवस्तून्युपकल्पनीयानि तत्र शमीपलाशमिश्रा लाजाः दृषदुपलं कुमारीभ्राता सूर्यः दृढपुरुषः अन्यदपि तदुपयुक्तमालेपनादिद्रव्यं । ततः पवित्रछेदनकुशैः पवित्रे छित्त्वा ततः सपवित्रकरेण प्रणीतोदकं त्रिः प्रोक्षणीपात्रे निधाय अनामिकांगुष्ठाभ्यां उत्तराग्रे पवित्रे गृहीत्वा त्रिरुद्दिंगनं प्रणीतोदकेन प्रोक्षणीजलेन यथासादितवस्तुसेचनम् । ततोऽग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रनिधानम् । आज्यस्थाल्यामाज्यनिर्वापः । ततोऽधिश्रयणं । ततो ज्वलत्तृणादिना हविर्वेष्टयित्वा प्रदक्षिणक्रमेण वह्नौ तत्प्रक्षेपः पर्यग्निकरणं । ततः स्रुवप्रतपनं कृत्वा सम्मार्जनकुशानामग्रैरंतरतो

मूलेर्बाह्यतः स्रुवं संमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पुनः प्रताप्य स्रुवं दक्षिणतो निदध्यात् । ततः आज्यस्याग्नेरवतारणं तत आज्ये प्रोक्षणीवदुत्पवनम् । अवेक्ष्य सत्यपद्रव्ये तन्निरसनं । पुनः प्रोक्षणीवदुत्पवनम् ॥

भा० टी०—अनंतर तिस दिशामें और सर्व वस्तु स्थापन करनी जैसे शमी जडी पलाशसे युक्त लाजा (फलिया) शिला वट्टा कन्याका भाई देखनेके लिये सूर्य मजबूत पुरुष औरभी जो कामकी वस्तु हो वहभी पास रख ले पवित्र कुशासे पवित्रको छेदनकर फिर पवित्रकेसाथ हाथसे प्रणीताके जलको तीन वार प्रोक्षणीपात्रमें रखकर अनामिका और अंगुष्ठसे उत्तराग्र पवित्र ग्रहण कर तीन वार ऊपरको जल फेंकना प्रणीता और प्रोक्षणीका जल मिलाकर सर्व वस्तुको सिञ्चन करना अनंतर अग्नि प्रणीताके मध्यमें प्रोक्षणीपात्र रखना आज्यस्थालीमें आज्य पाना और अग्निपर रखनी जलते तृणसे हविर्वेष्टन कर प्रदक्षिणक्रमसे घृत तृणको अग्निमें गेर देना जलती चमातीसे प्रदक्षिणक्रमसे घृत चरुके चारों पार्श्वमें फेरनी । अनंतर स्रुव तथा संमार्जनकुशाके अग्रभागसे अनंतर मूलसे बाहिरसे स्रुवको पोछ प्रणीतोदकसे अभ्युक्षण (सिंचन) कर फिर तपाय दक्षिण भागमें राखे । पुनः घृत अग्निसे उतार आज्यका प्रोक्षणीवत् उत्पवन करना यदि निषिद्ध वस्तु हो तो निकाल देनी पुनः प्रोक्षणीवत् उत्पवन करना ॥

ततः उपयमनकुशानादाय उत्तिष्ठन्प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा तूष्णीमग्नौ घृताक्तास्तिस्रः समिधः क्षिपेत् ॥ तत उपविश्य सपवित्रप्रोक्षणीउदकेन प्रदक्षिणक्रमेणाग्निपर्युक्षणं कृत्वा प्रणीतापात्रे पवित्रे निधाय पातितदक्षिणजानुः कुशेन ब्रह्मणान्वारब्धः समिद्धतमेऽग्नौ स्रुवेणाज्याहुतीर्जुहोति । तत्राघारादारभ्य द्वादशाहुतिषु तत्तदाहुत्यनंतरं स्रुवावस्थितहुतशेषघृतस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः ॥ ॐ प्रजापतये स्वाहा इति मनसा इदं प्रजापतये० । ओमिन्द्राय स्वाहा इदमिंद्रा०। इत्याघारौ। ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये० । ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय०। इत्याज्यभागौ ॥ ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये० । ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे० । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय० । एता महाव्याहृतयः ॥

भा० टी०—अनंतर उपयमन कुशाको ले उठकर सामने प्रजापतिका ध्यान करता हुआ चुपचापसे घृतयुक्त पूर्वोक्त तीन समिधा अग्निमें गेर देवे । अनंतर बैठकर साथ पवित्र

प्रोक्षणीजलसे प्रदक्षिणाक्रमसे अग्निको पर्युक्षण कर प्रणीतापात्रमें पवित्रे रख दक्षिणजानु नमाय कुशाद्वारा ब्रह्मासे संयुक्त हो बडी जलती अग्निमें स्रुवसे घृतको आहुति हवन करता है स्रुवसे लगे हुए घृतको प्रोक्षणीपात्रमें फेकना । प्रजापतये० इदं प्र० । यह मनमें कहकर आहुति देनी । ॐ इंद्राय० इदमिंद्राय० । यह आघारसंज्ञक है । ॐ अग्न०इदम० । ॐ सोमा० इदं सो० । यह आज्यभागसंज्ञक है । ॐ भूः इदं अ० । ॐ भुवः इदं वा० । ॐ स्वः इदं सूर्या० । यह महाव्याहुति है ॥

शु० यजु० अध्याय २१ मंत्र ३ ।

ॐ त्वन्नोऽअग्ने वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडोअवयासिसीष्ठाः ॥ यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वाद्वेषांᳬसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा ॥ इदमग्नीवरुणाभ्याम् ॥

ॐ सत्वन्नोऽअग्नेवमो भवोतीनेदिष्ठोऽअस्याउषसो व्युष्टौ । अवयक्ष्व नो वरुणᳬरराणो वीहिमृडीकᳬसुहवोन एधिस्वाहा । इदमग्नीवरुणाभ्यां० ॥

ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपा (वा) श्च

सत्यमित्व मयाअसि । अयानोयज्ञंवहास्य-
यानोभेषजᳪस्वाहा इदमग्नये० ॥
ॐ येतेशतंवरुणयेसहस्रंयज्ञियाः पाशावित-
तामहान्तः । तेभिर्नोऽअद्यसवितोतविष्णुर्वि-
श्वेमुञ्चन्तुमरुतः स्वर्काः स्वाहा ॥ इदं वरु-
णाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो मरुद्भ्यः
स्वर्केभ्यः० ॥

भा०टी०-त्वन्नो और सत्वन्नो इन मंत्रोंका वामदेव ऋषि त्रिष्टुप् छंद अग्नि और वरुण देवता सर्वप्रायश्चितमें विनियोग है। (अयाश्चाग्ने) इस मंत्रका वामदेव ऋषि त्रिष्टुप् छंद अग्नि देवता प्रायश्चित्तहवनमें विनियोग है । (येतेशत) इस मंत्रका शुनःशेप ऋषि त्रिष्टुप् छंद वरुण देवता वरुणसंबंधि शापके मोचनमें विनियोग है । अब इनके अर्थ क्रमसे लिखते हैं । (त्वन्न इति) हे अग्ने ! तुम इस कर्ममें वैगुण होनेसे वरुणदेवके क्रोधको हरण करो कैसे तुम सर्व कर्ममें साक्षी चतुर हो और सबसे उत्तम हो और सब देवताओंको यज्ञका भाग देनेवाले हो प्रकाशमान हो इसलिये मंदबुद्धिवाले हमको जान हमारी की हुई अवज्ञा (अनादर) को क्षमा कर सर्व प्रकारसे कल्याण देवो ॥ १ ॥

भा०टी०-(मंत्रार्थ-सत्वन्न इति) हे अग्ने ! तुम सबको पालना करनेवाले हैं । इसलिये आज दिनके प्रातःकालसे

होकर मेरी रक्षा करो। नहीं केवल रक्षा किंतु हमारे कर बुला-ये तुम सुखपूर्वक आकर सुख देनेवाला चरु यज्ञके मालिक वरुणदेवताको देकर पूजन करो । जिससे वरुणदेवभी प्रसन्न हो हमारेको सुख दे ॥ २ ॥

(मंत्रार्थ–अयाश्चाग्न इति) हे अग्ने ! तुम सर्वांतर्यामी और प्रायश्चित्तद्वारा सर्व प्राणीको शुद्ध करनेवाले और शुभके दाता हमारी किये हुये यज्ञको कृपालु होनेसे इंद्रादि देवताओंको देनेवाले इसलिये हमकोभी भेषज अर्थात सुखके देनेवाला दुःख विनाशक अपूर्व सुख देवो ॥ ३ ॥

(मंत्रार्थ–येतेशतमिति) हे वरुण! यज्ञके विघ्नसे पैदा हुए बडे २ भारी महान् कठिन जो तुमारे शतसंख्याक और सह-स्रसंख्याक पाश हैं वह पापरूप पाश हैं हमारे सविता सूर्य विष्णुरूप इंद्र और सर्व देवता और वायु सुंदर हृदयवाले आदित्य हमारे पापोंको नष्ट करें ॥ ४ ॥

शुक्ल यजु० अध्याय १२ मूल मंत्र १२ ।

उत्तुदुमं वरुण पाशमस्मदवाधमं विमध्यमꣳ श्रथाय । अथावयमा दित्यव्रतेतवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा । इदं वरुणाय० ॥

एताः सर्वप्रायश्चित्तसंज्ञकाः ॥ ९ ॥

ततोऽन्वारब्धं विना ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० । ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते० । उदकोपस्पर्शनम् । अथ राष्ट्रभृत्यः ॥

भा०टी०—उत्तम मध्यम अधम यह तीन वरुणके पाश हैं (मंत्रार्थ) हे वरुण ! जो तुमारा उत्तम पाश है उससे हमारी रक्षा करो । जो मध्यम पाश है उससेभी हमारी रक्षा करो पाशको शिथिल करो । हे वरुण ! हम ब्रह्मचर्यसे तुमारेसे निरपराध होकर दीनतासे रहित होते हैं । "दीनतायां दितिः प्रोक्ता दितिः स्याद्दैत्यमातरि" इस वचनसे दिति नाम दीनताकाभी है । अनंतर अन्वारब्ध विना । प्रजापतये० इदं प्र० । अग्नये स्विष्टकृते० इदम० स्विष्टकृते० । यह दो आहुति दे जलको हाथ लगावे । इसके अनंतर राष्ट्रभृत्यनाम आहुति लिखते हैं ॥

तत्र द्वादश मन्त्रा यथा ।

शुक्लयजु० अध्याय १८ मंत्र ३८ ।

ॐ ऋताषाडृतधामाग्निर्गन्धर्वः स नऽ इदम्ब्रह्मक्षत्रम्पातु तस्मै स्वाहा वाट् ॥ इदमृतासाहे ऋतधाम्नेऽग्नये गंधर्वाय० ॥

ॐ ऋताषाडृतधामाग्निर्गन्धर्वस्तस्यौ-

षधयोऽप्सरसोमुदो नाम ताभ्यः स्वाहा ।
इदमोषधिभ्योऽप्सरोभ्योमुद्भ्यः० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ३९ ।

सुᳬंहितोविश्वसामासूर्य्यो गन्धर्वः सनःऽइदम्ब्रह्मक्षत्रम्पातुतस्मै स्वाहा वाट् ॥ इदᳬंसᳬंहिताय विश्वसाम्ने सूर्यायगन्धर्वाय० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ३९ ।

सुᳬहितोविश्वसामासूर्य्यो गन्धर्व-स्तस्य मरीचयोऽप्सरसऽआयुवो नामताभ्यः स्वाहा ॥ इदं मरीचिभ्योऽप्सरोभ्य आयुवोभ्यः० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४० ।

ॐ सुषुम्णः सूर्य्यरश्मिश्चन्द्रमागन्धर्वः सनःऽइदंब्रह्मक्षत्रंपातुतस्मैस्वाहा वाट् ॥

इदंसुषुम्णाय सूर्य्यरश्मये चंद्रमसे गंध-
र्वाय० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४० ।

ॐ सुषुम्म्णः सूर्य्यरश्मिश्चन्द्रमागन्धर्व-
स्तस्य नक्षत्राण्यप्सरसोभेकुरयोनामता-
भ्यः स्वाहा ॥ इदं नक्षत्रेभ्योऽप्सरोभ्यो
भेकुरिभ्यः ० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४१ ।

ॐ इषिरोविश्वव्यचावातोगन्धर्वःसनऽ-
इदम्ब्रह्मक्षत्रम्पातुतस्मै स्वाहावाट् ॥ इद-
मिषिराय विश्वव्यचसे वाताय०॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४१ ।

ॐ इषिरोविश्वव्यचावातोगन्धर्वस्तस्या-
पोऽप्सरस ऊर्ज्जोनामताभ्यः स्वाहा ॥
इदमद्भ्योऽप्सरोभ्यः ऊर्भ्य० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४१ ।

ॐ भुज्युःसुपर्णोयज्ञोगन्धर्वःसनइद-

म्ब्रह्मंक्षुत्रंपातुतस्मैस्वाहा वाट् ॥ इदं भुज्यवे सुपर्णाय यज्ञाय गन्धर्वाय० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४१ ।

ॐ भुज्युःसुपुर्णोयुज्ञोगन्धुर्वस्तस्युदक्षिणाअप्सुरसंस्तावानामताभ्यः स्वाहा ॥ इदं दक्षिणाभ्योऽप्सरोभ्यस्तावाभ्य० ॥

यजु० अध्याय १८ मंत्र ४२ ।

ॐ प्रजापतिर्विश्वकर्मामनोगन्धुर्वः सनं इदंब्रह्मंक्षुत्रंपातु तस्मै स्वाहावाट् । इदं प्रजापतये विश्वकर्मणेमनसे गंधर्वाय० ॥ ॐ प्रजापतिर्विश्वकर्म्मामनोगन्धुर्वस्तस्य ऽऋक्सामान्यप्सुरसुऽएष्टयोनाम ताभ्यः स्वाहा ॥ इदं ऋक्सामभ्योऽप्सरोभ्यएषिभ्यः० ॥ इति राष्ट्रभृत् ॥

भा० टी०—इन द्वादश मंत्रोंके अर्थ यथाक्रमसे जानने यह (+) चिह्न होगा वहां पूर्वोक्त अर्थ समझे । (मंत्रार्थ १) जो सत्यके ग्रहनेवाला सत्यका स्थान मंत्रवरूप जो अमि

उसको दी हुई आहुति सुहुत हो वह अग्नि हमारा ब्रह्मज्ञान और क्षत्र (वीर्य) बलको रक्षा करे ॥

२—जो सत्यका स्थान सत्यशील गंधर्वरूप अग्नि तिसकी औषधी अर्थात् यवगोधूममाषव्रीहिमुद्गादि सर्व प्राणियोंको आनंददायक अप्सरा हैं तिस अग्नि और अप्सराके लिये सुहुत हो (+) इत्यादि ॥

३—दिनरात्रिका स्वामी गंधर्वरूप जो सूर्यभगवान् संपूर्ण सामवेदके जाननेवाले उनके लिये सुहुत हो (+) इत्यादि ॥

४—रात्रिदिनपति गंधर्वरूपी सूर्यजीकी मिश्रित होनेवाली मरीचियां (किरण) रूप अप्सरा हैं सो (+) इत्यादि ॥

५—निरंतर सदैव आनंदके देनेवाले गंधर्वरूपी सूर्यकिरणोंसे वृद्धिको प्राप्त भये जो चंद्रमा भगवान्‌जी (+) इत्यादि ॥

६—तिस गंधर्वरूपी चंद्रमाजीकी (ईकुरी) अर्थात् जो एक पिताकी द्विकन्यका एकही पति हो उनको ईकुरी कहते है प्रमाणभी जैसे गंगाधरजी लिखते हैं—" सपितृका एकपातिका ईकुर्यस्ता उदीरिताः । " ऐसे जो नक्षत्र तारका अप्सरा है उसके पति जो (+) इत्यादि ॥

७—जो वायु गमनस्वभाव और सर्वगत गंधर्वरूप है (+) इत्यादि ॥

८—जो वायुरूप गन्धर्व उनका सर्व वस्तुके देनेवाला जल अप्सरा है (+) इत्यादि ॥

९—जो यज्ञरूप गंधर्व है पालन करनेवाला और शोभन

गतिवाला उसकी जलरूप अप्सरा है उसके (+) इत्यादि ॥

१०–जो यज्ञरूप गंधर्व है स्तवनरूप उसकी दक्षिणा नाम अप्सरा है उसके (+) इत्यादि ॥

११–प्रजाका ईश्वर कि जिसके आश्रय विश्व बनती है ऐसा मनरूप जो गंधर्व है (+) इत्यादि ॥

१२–जो मनरूप गंधर्व उसकी धर्म अर्थ काम मोक्ष (पुत्रादि) की देनेवाली ऋग्वेद सामवेदरूपी अप्सरा है उसके लिये सुहुत हो वह मन हमारा व्रत ज्ञान वीर्य बल वृद्धि करे इत्यादि क्रमसे अर्थ जानना । यह राष्ट्रभृतनामसे हवन है ॥

अथ जयाहोमः ॥ ॐ चित्तं च स्वाहा इदं चित्ताय० १ । ॐ चित्तिश्च स्वाहा इदं चित्त्यै० २। ॐ आकूतं च स्वाहा इदमाकूताय० ३ । ॐ आकूतिश्च स्वाहा इदमाकूत्यै० ४ । ॐ विज्ञातञ्च स्वाहा इदं विज्ञाताय० ५ । ॐ विज्ञातिश्च स्वाहा इदं विज्ञात्यै० ६ । ॐ मनश्च स्वाहा इदं मनसे० ७। ॐ शक्वर्यश्च स्वाहा० इदं शक्वरीभ्यो० ८ । ॐ दर्शश्च स्वाहा इदं दर्शाय० । ॐ पौर्णमासश्च स्वाहा इदं पौर्णमासाय० १० । ॐ बृहच्च स्वाहा इदं बृहते० ११।ॐ रथंतरं च स्वाहा इदं रथंतराय० १२। ॐ प्रजापतिर्जयानिन्द्राय वृष्णेप्रायच्छदुग्रः पृतना-

जयेषु ॥ तस्मै विशः समनमंतसर्वाः सउग्रः सहि इहव्यो बभूवस्वाहा १३। इति जयाहोमः ॥

भा० टी०—यह १३ त्रयोदशमंत्र जयानाम होम है इनमें द्वादश (१२) सुगम है। [मंत्रार्थ १३] (प्रजापति) प्रजा का स्वामी शत्रुओंकी सेनाका नाश करनेमें उग्र परमेश्वरजीने इंद्रको जयानाम मंत्रोंका उपदेश करते भये। जिन मंत्रोंके प्रभावसे इंद्र सर्वका राजा और वर्षाका करनेवाला सर्वसे मुख्य (अग्रणी) होता भया तद्वत् ऐसा कृपाशील परमेश्वर मुझको भी जय देवे और हमारेसे दी हुई आहुति सुहुत हो। भाव यह है कि जिन मंत्रोंके उपदेशद्वारा इंद्र ऐश्वर्यसे युक्त सर्वसे मुख्य भया इसलिये इनका जया नाम है। इति ॥ १३ ॥

अथाभ्यातानानामहोमः ॥ ॐ अग्निर्भूतानामधिपतिः स मावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रेस्यामाशिष्यस्यांपुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यांदेवहूत्याᳬस्वाहा। इदमग्नयेभूतानामधिपतये० ॥ १ ॥ ॐ इन्द्रोज्येष्ठानामधिपतिःसमावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रेस्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यांदेवहूत्याᳬस्वाहा। इदमिन्द्रायज्येष्ठानामधिपये० ॥ २ ॥ ॐ यमः पृथिव्याऽअधिपतिःसमावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रेस्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्मण्य-

स्यां देवहूत्या-स्वाहा । इदंयमाय पृथिव्याअधिप-
तये० ॥ ३ ॥ अत्र प्रणीतोदकस्पर्शः ॥ ॐ वायु-
रन्तरिक्षस्याधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रे
स्यामाशिष्यस्यांपुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यां देवहू-
त्याऽस्वाहा । इदंवायवेऽन्तरिक्षस्याधिपतये० ॥४॥
ॐसूर्यो दिवा अधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मि-
न्क्षत्रेस्यामाशिष्यस्यांपुरोधायामस्मिन्कर्मण्यस्यांदे
वहूत्याऽस्वाहा ।इदंसूर्यायदिवाअधिपतये० ॥५॥
ॐ चंद्रमानक्षत्राणामधिपतिः समावत्वस्मिन्ब्रह्मण्य-
स्मिन्क्षत्रस्यामाशिष्यस्यां पुरोधायामस्मिन्कर्म-
ण्यस्यांदेवहूत्याऽस्वाहा ।इदंचंद्रमसेनक्षत्राणामधि-
पतये० ॥ ६ ॥ ॐ बृहस्पतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिःसमा-
वत्वस्मिन्ब्रह्मण्यस्मिन्क्षत्रेस्यामाशिष्यस्यांपुरोधाया
मस्मिकर्मण्यस्यांदेवहूत्याऽस्वाहा । इदंबृहस्पतयेब्र-
ह्मणोऽधिपतये० ॥ ७ ॥ ॐ मित्रः सत्यानामधिप-
तिः समावत्वस्मिनब्रह्मण्यस्मिन् क्षत्रेस्यामाशिष्य-
